दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल




वर्ष 03, अंक 363 | ग्वालियर सोमवार 15 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

### पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर बोले पीएम मोदी

# कोई भी भारतीय इस दिन को नहीं भूल सकता



**नई दिल्ली।** रविवार को हिला देने वाले पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर 14 फरवरी 2019 को भारत पर आतंक का काला साया छाया था। आतंकियों के कायराना हमले में दो साल पहले भारत ने अपने 40 वीर जवानों को खो दिया था। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में दहशतगर्दों ने विस्फोटकों से भरी एक गाड़ी से जवानों की बस को टक्कर मारी थी। इस टक्कर के बाद बस में तेज धमका हुआ, जिसमें हमारे 40 जवान शहीद हो गए थे। पुलवामा हमले के दो साल होने पर पूरा देश वीर शहीदों को याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पुलवामा हमले के शहीदों को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी भारतीय इस दिन को नहीं भूल सकता। दो साल पहले पुलवामा हमला हुआ था। हम हमले में शहीद हुए सभी जवानों को नमन करते हैं। हमें अपने सुरक्षाबलों पर गर्व है। उनकी वीरता हमारी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तमिलनाडु और केरल के एक दिन के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने चेन्नई में भारतीय सेना को 118 अर्जुन टैंक सौंपे। अर्जुन टैंक को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने विकसित किया है। ये युद्धक टैंक आज भारतीय सेना के बेड़े में शामिल हो गए है। नए अर्जुन टैंक राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि तमिलनाडु देश का टैंक मैनुफैक्चरिंग हब बन रहा है। और वहीं चीन और पाकिस्तान के साथ दोनों मोर्चों पर तनाव के बीच भारतीय सेना की ताकत बढ़ेगी। रविवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन मार्क 1 ए को राष्ट्र को समर्पित किया। तमिलनाडु और केरल के दौरे पर पीएम मोदी ने स्वदेशी अर्जुन मेन बैटल टैंक एमके-1ए चेन्नई में सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे को सौंपा। माना जा रहा है कि अर्जुन टैंक के सेना में शामिल होने से रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया के प्रयासों को भी बढ़ावा मिलेगा। 8 हजार 400 करोड़ रुपये की कीमत वाले इस टैंक को पूरी तरह भारत में बनाया गया है। ये 118 टैंक सेना के पहले बैच में शामिल होंगे। अर्जुन श्रेणी के काफी टैंक पहले ही पश्चिम रेगिस्तान में पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात हैं। इन 118 अर्जुन टैंक से सेना में बख्तरबंद कोर में दो रेजिमेंट बनाई जाएगी। डीआरडीओ पिछले कुछ समय से अर्जुन मार्क 1 ए युद्धक टैंक का विकास कर रहा है। इस टैंक का डिजाइन डीआरडीओ के लड़ाकू वाहन अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान सीवीआरडीई ने तैयार किया है। करीब ढाई साल पहले अर्जुन टैंक ने नए संस्करणों की सप्लाई के लिए कांट्रेक्ट साइन किया गया था। इन्हीं में से 5 टैंक रविवार को पीएम के हाथों सेना के सुपुर्द किए जाने थे।

### छठवें दिन कीमत में बढ़ोतरी

# पेट्रोल 96.69 और डीजल 87.20 रुपए लीटर

**मुंबई।** इंटरनेशनल मार्केट में बढ़ते कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के चलते आम लोगों की दिक्कतें बढ़ रहीं हैं। क्योंकि देश में पेट्रोल-डीजल के प्राइसेज ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गए हैं। रविवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 88.73 रुपए प्रति लीटर और डीजल 79.06 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। घरेलू तेल कंपनियों ने 14 फरवरी को दिल्ली में पेट्रोल 29 पैसे और डीजल 32 पैसे मंहगा कर दिए हैं। दोनों के दामों में लगातार छठवें दिन बढ़ोतरी की गई है। 2021 में अब तक 18 दिन दोनों की कीमतें में बढ़ाई गई हैं। इस दौरान पेट्रोल 4.92 रुपए और डीजल भी 05.19 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका है। डीजल का दाम पिछले 10 महीने में ही इसके दाम में 16 रुपए से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है। मेट्रो शहरों में सबसे महंगा पेट्रोल मुंबई में 95.21 रुपए प्रति लीटर के भाव पर बिक रहा है। वहीं, डीजल 86.04 रुपए पर बिक रहा है। कोलकाता में पेट्रोल 90.01 रुपए प्रति लीटर और डीजल 82.65 रुपए पर बिक रहा है। चेन्नई में पेट्रोल 90.96 और डीजल 84.16 रुपए प्रति लीटर के दाम पर बिक रहा है। देश में लगभग सभी शहरों में पेट्रोल-डीजल के कीमत अब तक के सबसे ऊंचे दाम पर बिक रहा है। भोपाल में पेट्रोल 96.69 रुपए और डीजल 87.20 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। हालांकि राजस्थान के श्रीगंगानगर में सादा पेट्रोल 99.22 रुपए प्रति लीटर और डीजल 91.11 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है।



# अगर हम सत्ता में आए तो सीएए कभी लागू नहीं करेंगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम की रैली में कहा कि परिस्थितियां चाहे जो भी रहें, अगर हम सत्ता में आए तो नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू नहीं करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शिवसागर में रैली में कहा कि कांग्रेस ने असम के लोगों को एकजुट किया, इससे पहले हिंसा के चलते इस बात की कोई गारंटी नहीं हुआ करती थी कि कोई व्यक्ति जनसभा से घर वापस लौट पाएगा कि नहीं। डुउन्होंने दावा किया कि मैं और कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता असम समझौते के सिद्धांतों की रक्षा करेंगे, हम इससे एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा, आरएसएस असम को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, नरेन्द्र मोदी और अमित शाह इससे प्रभावित नहीं होंगे लेकिन असम और पूरा देश इससे प्रभावित होगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हम दो, हमारे दो, असम के लिए और दो, और सब कुछ लूट लो। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों का पैसा लूटा और अपने दो दोस्तों का कर्ज माफ कर दिया। राज्य सरकार पर तंज कसते हुए राहुल ने कहा कि रिमोट कंट्रोल से टीवी चल सकता है, मुख्यमंत्री नहीं, आपको अपना मुख्यमंत्री चाहिए जो आपकी परेशानियों को सुने, लेकिन असम के मौजूद मुख्यमंत्री केवल नागपुर और दिल्ली की सुनते हैं। भाजपा और आरएसएस पर असम को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी असम समझौते के हर सिद्धांत की रक्षा करेगी और अगर राज्य में सत्ता में आती है, तो कभी भी संशोधित नागरिकता कानून लागू नहीं करेगी।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान में कोई घर छूटे नहीं : मोहन भागवत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान में हमें इस बात का ध्यान रखना है कि कोई घर छूटे नहीं। उन्होंने शहर के कलमबाग चौक के निकट उत्तर बिहार प्रांत कार्यालय में शनिवार की सुबह निधि समर्पण अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि हमारे लिए राशि से अधिक महत्वपूर्ण है, हर परिवार से जुड़ना। सभी परिवारों से जुड़ने के लिए ही महज 10 और 100 रुपये के कूपन जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अबतक जिन परिवारों तक हम नहीं पहुंच सके हैं, वहां शीघ्र पहुंचें। उन्होंने पदाधिकारियों से पूछा कि कोरोना संकट के दौरान हमारे स्वयंसेवक कितने लाख परिवारों तक पहुंच सके? संकटग्रस्त लोगों को कहां कैसा सहयोग किया? सेवा बस्तियों में संघ का काम कैसा चल रहा है? अलग-अलग सत्रों में सर संघचालक ने कोरोना संकट के साइड इफेक्ट का समाधान ढूंढ़ने और पर्यावरण रक्षा का व्रत लेने का आह्वान किया। सर संघचालक ने श्रीरामजन्म भूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के प्रांत प्रमुख राज किशोर से अबतक की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मुजफ्फरपुर समेत उत्तर बिहार प्रांत में अभियान की सफलता पर संतोष प्रकट किया। अभियान के सदस्यों ने बताया कि लोग खुद श्रद्धापूर्वक निधि समर्पण के लिए आगे आ रहे हैं।

### पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने भारत की न्याय व्यवस्था पर उठाए सवाल, बोले-

# कोई नहीं जाना चाहता अदालत



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई ने भारतीय न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इसे बदहाल बताया है। जस्टिस रंजन गोगोई ने यहां तक कहा है कि अब कोई भी कोर्ट नहीं जाना चाहता, वह भी नहीं। उन्होंने कहा कि जो लोग जोखिम उठा सकते हैं वही अदालत का रुख करते हैं। एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में पूर्व सीजेआई ने कहा, %कौन कोर्ट जाता है? आप अदालत जाते हैं और पछताते हैं।% रंजन गोगोई ने आगे कहा कि बड़े कॉर्पोरेट ही अदालतों का रुख करते हैं क्योंकि ये जोखिम उठा सकते हैं। गोगोई नवंबर 2019 में सीजेआई के पद से रिटायर हुए थे। इसके बाद सरकार ने मार्च 2020 में रंजन गोगोई को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया था। लोकसभा में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के सवाल के बाद कानून ऐक्शन लेने के सवाल के जवाब में पूर्व चीफ जस्टिस ने कहा, %अगर आप अदालत जाते हैं तो आप अपने निजी मामलों को कोर्ट में सार्वजनिक करते हैं। आपको कभी भी फैसला नहीं मिलता। पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई ने इस दौरान भारतीय न्याय व्यवस्था में बड़े बदलावों की बात भी कही। उन्होंने कहा, %आप 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था चाहते हैं लेकिन आपकी न्याय व्यवस्था जर्जर हालत में है। उन्होंने कहा, सही काम के लिए उचित व्यक्ति को नियुक्त करना है। आप जजों की नियुक्ति वैसे नहीं कर सकते जैसे सरकार में अफसरों की होती है। न्यायाधीश बनना एक पूर्णकालिक प्रतिबद्धता है। यह एक जुनून है। एक न्यायाधीश के काम के लिए कोई तय घंटे नहीं होते। यह 24 घंटे का काम है। आप रात 2 बजे नींद से उठते हैं, कोई बिंदु याद आता है और उसे लिखकर रखते हैं। एक जज ऐसे काम करता है। कितने लोग ये समझते हैं?% रंजन गोगोई ने अयोध्या और राफेल को लेकर दिए गए फैसलों के एवज में राज्यसभा सदस्यता मिलने के आरोपों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने तंज भरे अंदाज में कहा कि अगर वाकई कोई सौदा करता तो क्या सिर्फ राज्यसभा सीट से संतुष्ट होता। उन्होंने इस मुद्दे को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि अगर मैंने बीजेपी के पक्ष में फैसला सुनाने के लिए सौदा किया होता तो सिर्फ राज्यसभा सीट ही क्यों लेता, मैं कुछ बड़ी मांग करता।

ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ / रिपोर्टर्स
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।
संपर्क करें
कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560
Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए : सिंधिया

### शहर के चौराहों पर शहीदों के जीवन परिचय प्रदर्शित किए जाएँ, अमर शहीद उधम सिंह की प्रतिमा का लोकार्पण




**ग्वालियर।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि देश के युवाओं को अमर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। शहर के प्रमुख चौराहों पर अमर शहीदों के जीवन परिचय को भी प्रदर्शित करने का कार्य किया जाना चाहिए। श्री सिंधिया ने रविवार को अमर शहीद उधम सिंह की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही। ग्वालियर व्यापार मेले के शिल्प बाजार चौराहे पर अमर शहीद उधम सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई है। समन्वय एवं मानव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित लोकार्पण समारोह में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्री ओपीएस भदौरिया, लोक निर्माण राज्य मंत्री श्री सुरेश धाकड़, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, जिला अध्यक्ष भाजपा श्री कमल माखीजानी सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अमर शहीदों की प्रतिमा स्थापित होने से युवाओं को उनसे प्रेरणा मिलती है और आने वाली पीढ़ी को अमर शहीदों द्वारा अपने प्राणों की आहुति देकर जो हमें आजादी दिलाई है उसके बारे में जानकारी देने की प्रेरणा भी मिलती है। श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर के सभी प्रमुख चौराहों पर हमारे देश के अमर शहीदों के बारे में जानकारी का शिलालेख स्थापित करना चाहिए, ताकि युवा उनका अध्ययन कर प्रेरणा ले सकें। राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हमारे देश का गौरवशाली इतिहास है। हमारे इतिहास में अनेक शहीदों का उल्लेख है, जिन्होंने अपना सबकुछ देश पर न्यौछावर किया है। ऐसे अमर शहीदों से भरे इतिहास की जानकारी युवाओं को अवश्य होना चाहिए। समन्वय एवं मानव सेवा समिति के माध्यम से शहीद श्री उधम सिंह की प्रतिमा स्थापित करने का जो कार्य किया गया है वह सराहनीय है। कार्यक्रम में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि अमर शहीदों के बलिदानों के कारण ही आज हम सब लोग आजाद भारत में अपनी सांसें ले रहे हैं। उनके बलिदानों को हम कभी भुला नहीं पायेंगे। ग्वालियर में अमर शहीद उधम सिंह की जो प्रतिमा स्थापित की गई है उसके लिये समिति के सभी सदस्यों को बधाई। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में अमर शहीदों का सबसे बड़ा योगदान है। हम सबको उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में भी अपने देश के लिये कार्य करने की प्रेरणा लेना चाहिए। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर में अमर शहीद उधम सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई है, इससे हमारे युवा प्रेरणा लेंगे और देश विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करेंगे। समिति के माध्यम से शहीद की प्रतिमा स्थापना का जो कार्य किया गया है वह अनुकरणीय है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने भी अमर शहीद उधम सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी को भी अपने अमर शहीदों के बारे में जानकारी दी जाने की व्यवस्था की जाना चाहिए ताकि वे भी उनसे प्रेरित होकर देश विकास में अपनी भागीदारी कर सकें। कार्यक्रम के प्रारंभ पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समन्वय एवं मानव सेवा समिति के माध्यम से शहीद उधम सिंह की प्रतिमा स्थापना का प्रयास कई दिनों से किया जा रहा था। सभी के सहयोग से यह प्रतिमा स्थापित हुई है। इससे युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

## एटा पुलिस को मिली सराहना

# छः वर्षीय मासूम अपहृत बालक आठ घंटे के अंदर सकुशल बरामद



**एटा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में थाना रिजोर पुलिस द्वारा थाना रिजोर पर पंजीकृत मुअसं- 20/21 धारा 364 भादंवि में फरार चल रहे शातिर किडनैपर विपन को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर अपहृत बालक को सकुशल बरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी है। घटनाः- दिनांक 13.02.2021 को वादी श्री सियाराम पुत्र दानसाय ग्राम हसन कुलीपुर उर्फ गिलोदिया थाना रिजोर जनपद एटा द्वारा थाना रिजोर पर इस आशय की सूचना दी गई कि वादी के ही गाँव के विपन कुमार पुत्र भूपाल सिह व भूपाल सिंह पुत्र असर्फीलाल से वर्ष 2020 में मकान के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया था इसकी शिकायत थाना रिजोर पर की गयी तो थाना रिजोर पुलिस द्वारा विपन कुमार का चालान कर जेल भेज दिया था, जेल से छूटने के बाद से ही ये लोग वादी से दुश्मनी मानने लगे थे। दिनांक 13.02.2021 को समय करीब शाम को 06.30 बजे वादी का नाती निखिल पुत्र उमाशंकर उम्र करीब 9 वर्ष वादी के गाँव के पास बने ट्यूबवेल के पास खेल रहा था, तभी विपन कुमार पुत्र भूपाल सिंह, भूपाल सिंह पुत्र असर्फीलाल आये और वादी के नाती निखिल को हत्या करने के उद्देश्य से अपहरण करके ले गये हैं। परिवारीजनों द्वारा काफी तलाश किया गया लेकिन कहीं कोई पता नही चला है। इस सूचना पर थाना रिजोर पर मुअसं- 20/2021 धारा 364 भादंवि बनाम विपन तथा भूपाल सिंह पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारीः- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए घटना में फरार चल रहे अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष रिजोर को निर्देशित किया गया साथ ही जनपदीय स्वाट एवं सर्विलांस टीम को अपेक्षित सहयोग हेतु लगाया गया। आज दिनांक 14.02.2021 को थाना रिजोर पुलिस एवं जनपदीय स्वाट एवं सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त सर्च आपरेशन चलाकर मुखबिर की सूचना पर अपहृत बालक निखिल को ग्राम गिलौंदिया के बाहर जंगलों से अभियुक्तों के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ के बाद समय करीब रात्रि 02.05 बजे सकुशल बरामद किया गया, अभियुक्तगण अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। पुलिस द्वारा बालक को थाना रिजोर पर लाया गया, जहां बालक को सकुशल उसके परिजनों की सुपुर्दगी में देकर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी गई, इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त घटना में फरार चल रहे आरोपी विपन को नगला बरी से प्रतापपुर जाने वाले रास्ते के पास सरसों के खेत से पुलिस मुठभेड़ के बाद समय करीब दोपहर 01.30 बजे गिरफ्तार किया गया है। दूसरा आरोपी भूपाल सिंह खेतों में खड़ी फसल का सहारा लेकर मौके से भाग निकला। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना रिजोर पर उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें सार्थक प्रयास कर रही हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नामपताः-

1- विपन कुमार पुत्र भूपाल सिंह निवासी ग्राम हसन कुलीपुर उर्फ गिलौंदिया थाना रिजोर जनपद एटा।

बरामदगीः 1- एक अवैध तमंचा, दो जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर

# युवा जन कल्याण सेवा समिति द्वारा वार्षिक स्नेह मिलन सम्मान समारोह आज

**ग्वालियर।** युवा जनकल्याण सेवा समिति द्वारा आज 15 फरवरी 2021 को वार्षिक स्नेह मिलन एवम सम्मान समाहरोह का आयोजन गोले का मन्दिर स्तिथ इंद्रप्रस्थ गार्डन में किया जा रहा है जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में ऊर्जा मंत्री श्री प्रधुम्न सिंह तोमर रहेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेंद्र सिंह सिकरवार ने बताया है कि यह सम्मान समारोह का आयोजन गोले का मन्दिर स्तिथ इंद्रप्रस्थ गार्डन में दुपहर 1 बजे किया जा रहा है जिसमें रक्तदान वीरों का एवं पत्रकार एवं समाजसेवियों सहित 150 से ज्यादा मीडिया व समाज सेवा करने बालों का सम्मान किया जाएगा जिसमें सुरजीत राजावत शिवम भदौरिया हेमंत भदोरिया रवि प्रजापति युवा जन कल्याण सेवा समिति ग्वालियर द्वारा मीडिया बंधुओं व समाज सेवा करने वाले व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है तथा सभी से आग्रह भी किया गया है कि होने वाले वार्षिक सम्मान समारोह को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाने की कृपा करें तथा समय पर पधार कर हमें अनुग्रहित करें।




## दशनाम गोस्वामी समाज समिति जोधपुर इकाई ने कियारक्तदान शिविर आयोजित

**जोधपुर।** दशनाम गोस्वामी समाज समिति राजस्थान की जोधपुर ईकाई द्वारा लायंस क्लब शास्त्री नगर जोधपुर में पांचवां रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया समिति के सक्रिय कार्यकर्ता स्वर्गीय अशोक पुरी की स्मृति मैं लगातार पांचवीं बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 103 यूनिट रक्तदान हुआं नीलकंठ जागीर मठ सर महंत देवेंद्र भारती सानिध्य में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल भारती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगी पुरी जी, जगदीशपुरी भरतपुर ,हंसराज गिरी कोटा, आतिथ्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें सभी रक्तदाता सहित प्रबुद्ध जनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगी पुरी गोस्वामी ने बताया कि जोधपुर इकाई पिछले 5 वर्षों से लगातार प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजित कर रही है और अभी हम यह रक्तदान शिविर जयपुर में भी करेंगे भोमा भारती गोस्वामी नीलकंठ ने बताया कि रक्त दान शिविर समारोह को प्रदेश महामंत्री भीक भारती गोस्वामी गडरारोड़ एडवोकेट नागराज गोस्वामी राजु गिरी गोस्वामी ने भी संबोधित किया रक्तदान शिविर में महिला शक्ति ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपना रक्तदान किया समारोह में रक्तदाताओं सहित प्रदेश के विभिन्न जिला से आए पदाधिकारियों प्रबुद्ध जनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस दौरान समारोह में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल भारती उपाध्यक्ष मांगी पुरी जोधपुर युवा अध्यक्ष जोधपुर संभाग कैलाश गिरी शिकारपुरा जिला युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश गिरी तनावडा शहर युवा अध्यक्ष विजय भारती महामंत्री भीखभारती गडरारोड़, युवा अध्यक्ष गंगानगर राजू गिरी गोस्वामी, रमेश भारती, विजय भारती डोली, रमेश गिरी शिव गांव ,नरेश पुरी जनादेशर, श्याम गिरी खेजड़ली, कालू गिरी बडलिया ,रमेश पुरी बावरली, महेंद्र गिरी बंबोर ,इंद्रपुरी छियाली, रघुनाथपुरी रेवड़ा, केसर भारती सरवडी, शायर भारती लूणी,भोम गिरी भाचरणा ,उत्तर नगर निगम महापौर कुंती देवड़ा पार्षद पूजा राठी भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री इंदिरा राजपुरोहित रूचितापुरी डॉक्टर नरेंद्र शर्मा डॉ जितेंद्र रंगा परमेश्वर ललितपुर पाली पदमपुरी बाड़मेर लक्ष्मण गिरी प्रवीण गिरी सहित सैकड़ों गोस्वामी बन्धु वह माताएं बहनें मौजूद रहे।



## समाज पार्टी की मीटिंग का आयोजन

**खेरागढ़ ।** विधानसभा खेरागढ़ में आजाद समाज पार्टी की मीटिंग विधानसभा अध्यक्ष हेम सिंह जी के द्वारा आयोजन किया गया जिस में आगरा से आए पार्टी के पदाधिकारियो ने अपनी समाज को जागरूक किया जिस में हजारों की संख्या में लॉग मौजूद रहे और सभी को पार्टी की नीति रीतियों के वारे में समझाया और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के बिलदान को भी याद दिलाया झिनोने अपनी समाज के लिए कितने बलदान दिये चन्द्रशेखर आजाद जी के आजाद समाज पार्टी के मिशन को जान जान तक पहुचाना है जिस में मौजूद रहे



## शहीद जवानों की याद में निकाला कैंडल मार्च

**गोहद।** भारतीय युवा कांग्रेस के आव्हान युवा कांग्रेस गोहद भिंड द्वारा जम्मू कश्मीर के पुलवामा में एक आतंकवादी घटना में हमारे देश के 42 सी.आर.पी.एफ. के जवान शहीद हुए थे उन्हीं शहीदों की याद में आज *शाम 6 बजे* युवा कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजकुमार देशलहरा एवं विधानसभा अध्यक्ष बंटी गुर्जर द्वारा *कैंडल मार्च* का कार्यक्रम रखा गया है पान वाले चौराहे से सभी युवा साथी कैंडल हाथ में लेकर तिरंगे के साथ नए बस स्टैंड होते हुए स्तंभ तक पहुंचे वहां सभी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद स्थल पर पुष्प चढ़ाकर एवं कैंडल जलाकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि इसके बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर कार्यक्रम का समापन किया इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष बंटी गुर्जर टोनी मुद्गल आरिफ खान, दिनेश गुर्जर, पिंकी, अमन बॉक्स, राहुल उपाध्याय ,भूरा पंडित, रागिनी चौहान, गौरव कोहली, सोहिल नवी, सूरज शर्मा ,निशांत बरैया , शाहरुख शाह,मुनेश शर्मा, शिवम सोनी,अजय मिश्रा, याकूब खान, केदार कौशल, करूं पार्षद ,कैलाश माहोर, नवल किशोर बरैया, जितेंद्र गुर्जर, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे



# कांग्रेस सोशल मीडिया टीम की बैठक हुई

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड/जिला कांग्रेस आई टी सेल के जिला महासचिव गौरव भारद्वाज ने भिंड विधानसभा क्षेत्र के संबंध में सोशल मीडिया टीम की बैठक बुलाई बैठक चतुर्वेदी नगर के ब्रह्मपुरी में रखी गई बैठक में जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया के महत्व की जानकारी दी और पार्टी की नीतियों को जमीनी कार्यकर्ता तक पहूचाया जा सके इसके बारे में सभी पदाधिकारियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी, बैठक में कांग्रेस आईटी सेल के प्रदेश सचिव राघवेन्द्र काँकर ने कागेस पार्टी द्वारा चलाये जा रहा ज्वाइन कांग्रेस सोशल मीडिया अभियान की सभी को जानकारी दी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गौरव भारद्वाज की अनुशंसा पर बैठक में तीन लोगों की नियुक्ति भी की गई शिवा कांकर को कांग्रेस आईटी सेल में जिला महासचिव, विवेक राजावत को जिला सचिव, सचिन भारद्वाज को जिला सचिव नियुक्त किया गया बैठक में मुख्य रूप से अमित पंडित, उदय तोमर, अंकित पचौरी, विक्रांत शर्मा, शिवदीप दंडोतिया, शिवेंद्र गुर्जर, श्री नारायण दुबे, निशांत शर्मा, रजत मिश्रा, बॉबी राजावत, ऋषभ भारद्वाज, दीपक कांकर, हर्षवर्धन सिंह राजावत, गौरव यादव, शिवदीप, फिरोज खान, सोनू खान, सलीम खान, सोहेल खान, विकास यादव,आदि मौजूद रहे।



# पुलवामा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



दुर्गापुर शहर के महावीर डंगाल बॉयज क्लब की ओर से पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हो गए सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य में मोमबत्ती जुलूस का आयोजन किया गया था. उक्त जुलूस टैंक रोड से शुरू होकर बेनाचिती बाजार होते हुए, गुरुद्वारा रोड एव फिर ट्रंक रोड आकर समाप्त हुआ. इस जुलूस में क्लब के सारे सदस्य उपस्थित थे. वही आज क्लब द्वारा एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था. जहां दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सदस्य नवीन राय, विकास राय, कृष्णा रजक, छोटू मंडल, आकाश यादव, राम जी एवं अन्य सदस्य सक्रिय रहे. क्लब के सचिव पिंटू राय ने बताया कि क्लब द्वारा लगातार सामाजिक कार्य किया जाता है इसके साथ ही लोगों में देश के शहीद के प्रति सम्मान जागृत करना भी हम लोगों का परम कर्तव्य है.





## अभियोजन कार्यालय के द्वारा संभागीय जनसंपर्क कार्यशाला का आयोजित

मोहन मांझी

**गोहद।** जिला लोक अभियोजन कार्यालय भिण्ड द्वारा आज दिनांक को लोक अभियोजन संचालनालय भोपाल के दिसा निर्देशों में कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण के संबंध में शासन द्वारा जारी परिपत्रों का पालन करते हुए एक दिवसीय क्षेत्रीय जनसम्पर्क कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्ययशला में चम्बल संभाग के जिला श्योपुर , मुरैना एवं भिण्ड के अभियोजन विभाग के मीडिया सेल प्रभारी, सहायक मीडिया सेल प्रभारी एवं मीडिया सहायक सम्मिलित हुए। कार्ययशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मुरैना से वरिष्ठ पत्रकार रजनीश दुबे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला न्यायालय भिण्ड में सचिव विधिक सेवा प्राधिकारी एवं अपर सत्र न्यायाधीष श्री सुनील कुमार डण्डौतिया उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री संजीव कंचन द्वारा की गई। का विधिवत प्रारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया।कार्यशाला में वरिष्ठ पत्रकार रजनीश दुबे द्वारा प्रतिभागियों को न्यायालयीन कार्यवाहियों के दौरान न्यायालयों द्वारा जारी आदेशों एवं निर्णयों का उचित प्रकाशन कराए जाने हेतु समाचार पत्र को किस प्रकार से प्रेस नोट जारी किए जाए के संबंध में व्याख्यान दिया गया। सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुनील कुमार डण्डौतिया द्वारा कार्यशाला में रखे गए विषय की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई एवं भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित किए जाने हेतु अभियोजन का उत्साह वर्धन किया गया।

## लीलावती राजपूत के संयोजन मे

# समाजवादी महिला घेरा कार्यक्रम आयोजित

पुष्पांजली टुडेः अंकित

**इटावा।** आज सरोजनी नायडू जी की जयंती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के आव्हान पर पूरे उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला घेरा कार्यक्रम किया गया इसी कड़ी में इटावा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में महिला घेरा कार्यक्रम किया गया । गोपाल यादव ने कहा पिछ्ली बार समाजवादी पार्टी की प्रदेश में सरकार थी नेता जी और अखिलेश यादव जी ने कन्या विद्याधन योजना चलाई गई ,इण्टर पास करने वाली छात्राओं को 30000 का अनुदान और लैपटॉप देने का काम किया गया लेकिन भाजपा सरकार ने सब बन्द कर दिया समाजवादी पार्टी की सरकार में गरीब महिलाओं के लिये समाजवादी पेंशन योजना चलाई गई जिससे 55 लाख महिलाओं को लाभ दिया गया ।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी कहा था कि अगर उत्तर प्रदेश में सपा सरकार बनती हैं तो पेंशन 500 से बढ़ा कर 3000 हजार देने का काम करेगे विधवा पेंशन चलती थी उसे भी बंद करवाने का काम किया भाजपा सरकार ने केंद्र सरकार ने महिलाओं के लिए उज्वला गैस योजना चलाई थी एक सिलेंडर भरने का बाद बेचारी महिलाओं ने दोबारा नही भरवा पाया अब गैस का दाम बड़ा दिए और सब्सिडी बन्द कर दी आज सिलेंडर की कीमत 818 रुपये हैं गरीब कैसे भरवा पायेगा बिजली के दाम बड़ा दिए जहां बिजली नही आती वहां बिल जरूर आ जायेगा बिजली चैकिंग के नाम पर अधिकार घर मे घुस जाते हैं फिर चाहे पुरुष घर मे य न हो उन्होंने कहा भाजपा सरकार चुनाव के समय आप लोगो को छोटे छोटे लालच देकर आपको गुमराह करके आपका वोट लेने का काम करती है इस लिए आप लोग किसी के भी लालच में नही आये ।आज जो स्थिति हैं वो बड़ी घातक है उत्तर प्रदेश में जो महिलाओं की स्तिथि हैं बो किसी से छुपी नही है अगर बहन बेटी घर से बाहर जाती हैं तो एक डर सा लगा रहता है। अभी हाल ही में हाथरस में एक घटना घटी बेटी के साथ बलात्कार कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई और दरिंदो पर सरकार द्वारा कोई भी कार्यवाही नही हुई क्योकि वे दरिंदे मुख्यमंत्री के करीबी थे ।वंहा के गुंडे मीडिया और परिजनों को पुलिस के सामने धमका रहे थे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बेटी को न्याय दिलाने के लिए आगे आये और वहां के जिलाधिकारी से बात की ओर कार्यकर्ताओ और पार्टी के नेताओ को भेज कर उनसे कहा जब तक बेटी को न्याय नही मिल जाता तब तक वहां से हटना नही जब जाकर सरकार को उन दरिंदो पर कार्यवाही करनी पड़ी । ऐसी ही घटना इटावा जनपद में भी थाना बलरई में दबंगो द्वारा छात्रा को परेशान किया जा रहा था छात्रा थाने में गई उसकी रिपोर्ट तक नही लिखी गई आखिरी में छात्रा ने तंग आकर ट्रेन से काटकर जान दे दी भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण देने का कम करती हैं।



# एनसीसी में गोल्ड मेडल लाना सबसे बड़ी उपलब्धि है - कर्नल राहुल वर्मा



**तीन दिवसीय राष्ट्रीय कैडेट कोर बी सर्टिफिकेट कैम्प का हुआ समापन, कैंप के आखिरी दिन एसडीएम नीरज शर्मा ने किया कैंप का निरीक्षण**

**मुरैना।** शासकीय महाविद्यालय जौरा में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कैडेट कोर बी सर्टिफिकेट कैम्प का समापन कैम्प कमान्डेंट कर्नल श्री राहुल वर्मा के उद्बोधन के बाद सम्पन्न हुआ। श्री वर्मा ने केंप को संबोधित करते हुए कहा है कि एनसीसी में गोल्ड मेडल लाना सबसे बड़ी उपलब्धि है। इसके बाद तो जिंदगी ही बदल जाती है। उन्होंने कहा कि डिग्री कॉलेज जौरा के छात्र श्री दुर्गेश राठौर ने भी गोल्ड मेडल जीते और आर्मी जैसे महत्वपूर्ण शिविर में भाग लिया और जौरा कॉलेज का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी का बी सर्टिफिक्रेट लेना कोई मामूली बात नहीं है, इसके लिए सभी केडेट्स को बड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। इसका सर्टिफिक्रेट कोई खेरात में नहीं मिलता। युवा वर्ग में उत्सुकता होना बहुत जरूरी है। तथा इसके लिए टीम वर्क होना बहुत जरूरी है। इस से पूर्व कैम्प के अंतिम दिन में जौरा एसडीएम श्री नीरज शर्मा ने केंप का निरीक्षण किया और नशा मुक्ति पर एक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तथा एसडीएम श्री शर्मा ने केंप के निरीक्षण के दौरान केंप की बहुत बहुत प्रसंशा की। केंप के अंतिम दिन केडेट्स के ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, मानचित्र अध्ययन, नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास की विस्तार से जानकारी मेजर डॉ एचएन सिंह हाड़ा और मेजर श्री राजवीर सिंह किरार ने दी। केडेट्सो द्वारा नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया। समापन के दौरान केंप कमांडर कर्नल श्री राहुल वर्मा, डिप्टी केंप कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल आरके सिंह, सूबेदार इरावत सिंह, सूबेदार नागेश कुमार, सूबेदार निर्मल जमातिया, बीएच एम दशरथ सिंह, हवलदार सुभाषचन्द्र, मोहन सिंह, विनय कुमार, टीके पाल, बीरेंद्र सिंह, अश्विनी कुमार, हवलदार जगतार सिंह, मेजर डॉ एचएन सिंह हाड़ा, और क्वार्टर मास्टर मेजर राजवीर सिंह किरार, गौरव गुप्ता, एनके शर्मा, ड्राइवर दिलीप, दाताराम, अमर सिंह मौजूद थे।

## हरीश पाठक बने अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण संगठन के संभागीय अध्यक्ष

**मुरैना।** ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डीडी मिश्रा ने संगठन को मजबूती देने के लिए संगठन के परम अध्यक्ष पंडित उदय मिश्र के आशीर्वाद से एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बालेंद्र शुक्ला पूर्व मंत्री के आशीर्वाद एवं निर्देशानुसार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय पंडित श्री डीडी मिश्रा जी ने चंबल संभाग में संगठन को नई दिशा व ऊर्जा देने हेतु संगठन की कमान युवा एवं शालीनता की मिसाल संगठन के पूर्व प्रदेश महामंत्री हरीश पाठक की कार्य कुशलता को देखते हुए उनको चंबल संभाग का संभागीय अध्यक्ष मनोनीत किया है उपरोक्त जानकारी देते हुए डीडी मिश्रा ने बताया संगठन में प्रदेश स्तर पर और भी बदलाव किए जा रहे हैं उनकी भी घोषणा शीघ ही की जावेगी हरीश पाठक के संभागीय अध्यक्ष के रूप में मनोनीत होने पर संगठन के अनेक पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है हरीश पाठक के मनोनीत होने पर अनेक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं इनमें प्रमुख रूप से दिवाकर गौतम डॉ के एन मिश्रा ,शंकर लाल तिवारी ,महेश भारद्वाज, बलवीर पाठक ,अशोक मरैया ,दीपक शर्मा ,बृजेश तिवारी ,संजय शर्मा, राम नरेश शर्मा, महेश शर्मा ,संजय उपाध्याय, अशोक शर्मा पत्रकार ,वृंदावन पाराशर, गिर्राज पाठक, राकेश दंडोतिया अनिल पलिया रविंद्र, राजेश मिश्रा, पिंटू राजोरिया श्याम पाठक पत्रकार, हिमांशु शर्मा पत्रकार, नीरज खेमरिया पत्रकार, किशोर शर्मा जितेंद्र वशिष्ट शैलेंद्र शर्मा महेश पाराशर मुरैना जितेंद्र पाठक किशोर शर्मा,शोनू डंडोतिया, सुनील तिवारी श्योपुर, सुनील तिवारी विजयपुर, राघव व्यास सबलगढ़, पवन शर्मा जौरा, प्रमोद शर्मा जोरा, अनेक समाज के बंधुओं ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# अम्बाह में फूड सेम्पलिंग की कार्रवाही की गई



**मुरैना।** एसडीएम अम्बाह श्री राजीव समाधिया के निर्देशन में तहसील अम्बाह में फूड सेम्पलिंग की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में अंबाह तहसीलदार श्री राजकुमार नागोरिया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री गुप्ता द्वारा अंबाह बाजार में किराना और मिठाई की दुकानों पर सैंपलिंग की कार्यवाही की गई। कुछ दिन पहले हुई कार्यवाही में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला आने पर सभी किराना दुकान वाले अपनी दुकान बंद करके भाग गए थे। इस कारण चालित खाद्य प्रयोगशाला को बाजार से बाहर ही खड़ा किया गया था फिर सभी दुकानों से सैंपल की कार्यवाही की गई और चलित प्रयोगशाला में जांच की गई। प्रारंभिक जांच में अमानक पाए जाने पर इन सभी की लीगल सैंपल की कार्यवाही पूरी की गई। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा 13 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर उनसे 66 नमूने जांच हेतु लिए गए, जिनमें से 3 नमूने अमानक पाए जाने से तीनों नमूनों की लीगल सेंपलिंग की गई।

## कैलारस में किसान महापंचायत 20 को

**कैलारस ।** संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले कैलारस में किसान महापंचायत का आयोजन 20 फरवरी को पुरानी सब्जी मंडी पर किया जाएगा यह निर्णय किसान महापंचायत की संयोजक समिति की मीटिंग में आंदोलन स्थल कृषि उपज मंडी पर लिया गया। इस महापंचायत के मुख्य अतिथि गाजीपुर बॉर्डर के प्रमुख नेता अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय नेता डी पी सिंह पूर्व विधायक सूबेदार सिंह बाबूजी पूर्व विधायक सोनाराम कुशवाह, विधायक बैजनाथ कुशवाह, मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष रामनारायण कुररिया होंग। संचालन समिति की मीटिंग में व्यापक प्रचार प्रसार करने का भी निर्णय लिया गया है। साथ ही 51 सदस्यीय आयोजन समिति भी बनाई गई है ।जिसमें प्रमुख घटक किसान सभा ,बहुजन समाज पार्टी ,किसान कांग्रेस, राष्ट्रीय किसान मोर्चा होंगे। मीटिंग में सर्वश्री अशोक तिवारी ,गयाराम सिंह, धाकड़ नंदलाल खरे, राम लखन सिंह, रामविलास धाकड़ ,जसवंत यादव, बनवारी लाल धाकड़, रतिराम धाकड़, सियाराम सिंह ,सुमेर शाक्य, डॉ राम कुमार श्रीवास, छात्र नेता राजवीर सिंह, भौरू लाल धाकड़ ,नरेंद्र सिंह सिकरवार, माखन शाक्य आदि उपस्थित रहे।

## अवैध खनिज परिवहन पाये जाने पर खनिज नियमों के अन्तर्गत कार्रवाही होना सुनिश्चित



**मुरैना।** कलेक्टर श्री बी. कार्तिकेयन के निर्देशानुसार खनिज अधिकारी श्री एसके निर्मल द्वारा मुरैना जिले में अवैध खनिजों के परिवहन, उत्खनन, भण्डारण कर्ताओं पर नियंत्रण एवं प्रभावी कार्रवाही करते हुये अवैध खनिज परिवहन, उत्खनन, भण्डारण करते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाही की जा रही है। जिले में अब तक कुल 43 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई है और गौण खनिज नियमों में प्रकरण न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किये गये है। खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में संलिप्त वाहनों को राजसात करने की कार्रवाही की जा रही है। इसके साथ ही अन्तर्राज्यीय सीमा मध्यप्रदेश-राजस्थान पर आर.एफआई.डी. सिस्टम स्थापित करने के लिये अल्लाबेली, पुलिस चौकी के पास लगभग 5 बीघा शासकीय जमीन का चिन्हांकन करने कार्रवाही की जा रही है, जिससे खनिज परिवहन की निगरानी आरएफआईडी सिस्टम से की जावेगी। अवैध खनिज परिवहन पाये जाने पर खनिज नियमों के अन्तर्गत कार्रवाही होना सुनिश्चित किया जावेगा।

## ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य व स्वच्छ भारत मिशन में लापरवाही पर 71 अधिकारियों के वेतन काटने की कार्रवाही की गई

**मुरैना।** स्वच्छ भारत मिशन और पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा में प्रगति नहीं पाये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रोशन कुमार सिंह ने 71 अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन व कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्रवाही की है। जिसमें अम्बाह, कैलारस के जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस, 26 सहायक यंत्री का वेतन काटने, 39 उपयंत्रियों का वेतन काटने तथा 4 ब्लॉक कॉर्डिनेटरों का वेतन काटने की कार्रवाही की है। जिला सीईओ श्री रोशन कुमार सिंह ने 12 फरवरी को जनपद पंचायतों के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन में सामुदायिक शौचालय निर्माण की धीमी गति के कारण इन खिलाफ वेतन काटने की कार्रवाही की गई है। जिसमें जनपद पंचायत पोरसा में सहायक यंत्री शेलेश कुशवाह का दो दिवस का वेतन काटने की कार्रवाही की है। वहीं उपयंत्री सुरेश सिंह सिकरवार, डीएस भदोरिया और ध्रुव भारद्वाज का 7-7 दिवस का वेतन काटने की कार्रवाही की। जनपद पंचायत पोरसा की ग्राम पंचायत हिंगावली के सहायक यंत्री शेलेष कुशवाह का 2 दिवस का वेतन काटने, हिंगावली के उपयंत्री सुरेन्द्र सिंह सिकरवार का 7 दिवस का वेतन काटने, रछेड़ के उपयंत्री डीएस भदोरिया का 7 दिवस का वेतन काटने और धर्मगढ़ के उपयंत्री ध्रुव भारद्वाज का 7 दिवस क जनपद सीईओ अम्बाह ललित चौधरी को कारण बताओ नोटिस, सुनावली, किर्रायच, ऐसाह, लल्लूबसई, तुतवास, गूंज, तरेनी और सांगोली के सहायक यंत्री एमपी शर्मा का दो दिवस का वेतन काटने की कार्रवाही की। सुनावली, किर्रायच, तरेनी के उपयंत्री संतोष त्यागी का 7 दिवस का वेतन काटने, उपयंत्री कुथियाना, वीलपुर, के शरत मित्तल का 3 दिवस का वेतन काटने, सिहोनियां, ऐसाह, चांदपुर, महुरी के उपयंत्री गिर्राज गुप्ता का 7 दिवस का वेतन काटने, लल्लूबसई, तुतवास के उपयंत्री रामसहाय सिंह भदोरिया का 7 दिवस का वेतन काटने, गूंज के उपयंत्री जयप्रकाश आर्य का 7 दिवस का वेतन काटने की कार्रवाही की गई है। जनपद मुरैना में नाका के सहायक यंत्री आरए किरार का दो दिवस का वेतन काटने, नाका के उपयंत्री नरेन्द्र सिंह गुर्जर का 7 दिवस का वेतन काटने, रिठौरा खुर्द, जारह के सहायक यंत्री ओपी मुदगल का दो दिवस का वेतन काटने, रिठौराखुर्द के उपयंत्री राजेश भारद्वाज का 7 दिवस का वेतन काटने, जारह के उपयंत्री बालमकुन्द नरवरिया का 7 दिवस का वेतन काटने, नावली, बड़ागांव के उपयंत्री सुभाष शाक्य का 3 दिवस का वेतन काटने, बसैया के उपयंत्री प्रवीण कुमार वर्मा का 3 दिवस का वेतन काटने, ब्लॉक कोर्डिनेटर श्रीमती किरन भदोरिया का 2 दिवस का वेतन काटने की कार्रवाही की है। वहीं जारह के सरपंच और सचिव पर धारा 40 का प्रस्ताव दिया गया है। जनपद जौरा में मई, जाफराबाद के सहायक यंत्री हरिश्चन्द्र गुप्ता का 7 दिवस का वेतन काटने, उपयंत्री मई सुनील सक्सेना का 7 दिवस का वेतन काटने, मुद्रावजा के उपयंत्री दुर्गेश दीक्षित का 7 दिवस का वेतन काटने तथा ब्लॉक कॉर्डिनेटर श्रीमती शकुन्तला राजपूत का एक दिवस का वेतन काटने की कार्रवाही की गई। पहाडगढ़ विकासखण्ड की पहाडगढ़ ब्लॉक कोर्डिनेटर अनार सिंह यादव का 7 दिवस का वेतन काटने, जैतपुर, झौड़ के सहायक यंत्री रामस्वरूप त्यागी का दो दिवस का वेतन काटने, जैतपुर के उपयंत्री मातादीन शाक्य का 7 दिवस का वेतन और झौड़ के उपयंत्री अशोक त्यागी का 3 दिवस का वेतन काटने की कार्रवाही की है। जनपद पंचायत कैलारस की ग्राम पंचायत थाटीपुरा के उपयंत्री ब्रजेश कुमार आर्य का 7 दिवस का वेतन काटने, बस्तोली, दीपहरा के उपयंत्री मंजर अली साह का 7 दिवस का वेतन काटने, सहायक यंत्री बस्तोली, शहदपुर, थाटीपुरा, आंतरी, गुलपुरा यादव का एक दिवस का वेतन, शहदपुर, गुलपुरा उपयंत्री नीरज शर्मा का 7 दिवस का वेतन काटने, कुटरावली के उपयंत्री गुलाब सिंह धाकड़ का 7 दिवस का वेतन काटने, बेहरारा जागीर, आंतरी के उपयंत्री अरविन्द कुशवाह का 7 दिवस का वेतन काटने की कार्रवाही की है। इसके साथ ही जनपद सीईओ कैलारस श्री एपी प्रजापति को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जनपद पंचायत सबलगढ़ की ग्राम पंचायत जावरौल, गोदोली के उपयंत्री भारत सिंह पचौरी का 7 दिवस का वेतन काटने, अटार के उपयंत्री हाकिम सिंह त्यागी का 7 दिवस का वेतन काटने, अटार, संतोषपुर, गोदोली, गुरेमा के सहायक यंत्री रामसेवक शर्मा का 2 दिवस का वेतन काटने, संतोषपुर के उपयंत्री सोवरन सिंह जाटव का 7 दिवस का वेतन काटने, गुरेमा के उपयंत्री दिलीप सिंह तोमर का 7 दिवस का वेतन काटने की कार्रवाही की है।

# वैलेंटाइन डे.. प्यार पर लग गया पुलिस का पहरा..




**मुरैना।** प्यार कोई बोल नहीं,प्यार आवाज़ नहीं यह एक खामोशी है जो सिर्फ दिल सुनता है। यह रूमानियत और कल्पना की रेशमी दुनिया है जो आपको जीवन जीने का मतलब देता है। रविवार को वैलेंटाइन डे के दिन उसी प्यार के कोमल एहसास को सेलिब्रेट करने का दिन था इंतजार की घडियां खत्म हुईं। प्रेमी युगल जोड़ें इस दिन को सेलिब्रेट करने के लिए एक हफ्ते से तैयारी कर रहे थे। इस दिन वे न सिर्फ अपने प्यार का खुलकर इजहार कर रहे थे बल्कि प्यार के इस अद्भुत एहसास का जश्न भी मना ते दिखाई दिए कई प्रेमी युगल अपने प्रेम का इजहार खुलकर कर लेते हैं तो कई घर परिवार से दूर चोरी छुपे शहर से दूर पगारा डैम जैसी जगहों परअपने प्यार का इजहार और सेलिब्रेट करने के लिए जा रहे थे लेकिन रास्ते में पुलिस ने प्रेमी जोड़ों के अरमानों पर पानी फेर दिया अचानक बीच रास्ते में पुलिस बल को देख अधिकांश प्रेमी जोड़े निराशा लेकर वापस लौटने को मजबूर हुए ऐसे में यह कहना भी गलत नहीं होगा कि प्यार पर भी पुलिस ने अपना पहरा दिखा दिया आंखें बंद कीजिए और सोचिए, आप अपने प्यार को क्या गिफ्ट देना चाहते हैं सबसे पहले जो दिमाग में आता है वह है गुलाब। इस दिन शहरों से लेकर कस्बों तक गुलाब बाजार पूरी तरह सजधज कर तैयार हो जाते है। वैलेंटाइन डे के लिए गुलाब के अलावा चॉकलेट गिफ्ट करने का ट्रेंड भी बढ़ा है। वैलेंटाइन डे को लेकर गिफ्ट आइटम ग्रीटिंग कार्ड रिंग की स्पेशल रेंज बाजार में उपलब्ध रहती है. वैलेंटाइन डे मनाने के लिए युवाओं ने पहले ही टाइम व स्पॉट फिक्स कर लिया होता है। किसी ने मंदिर में मिलने की योजना बनाई है, तो किसी ने पार्क में मिलने का प्रोग्राम बनाया है। वैलेंटाइन डे को लेकर विभिन्न होटलों में भी प्यार के पर्व को सेलिब्रेट करने के लिए खास व्यवस्था होती है। ब्यूटी पार्लर सहित शहर के विभिन्न जगहों पर मेंहदी लगाने के लिए महिलाओं और लड़कियों की भीड़ देखने को मिली।



## शहीद हुए जवानों की याद में 8 दिवसीय पौधारोपण में 1000 पौधे लगाकर व दीप प्रज्वलित कर दी श्रद्धांजलि

**मुरैना।** एक रोटी एक जान कल्याण समिति ने पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों की याद में 8 दिवसीय पौधारोपण अभियान चलाया जिसमें 1000 पौधे लगाए व आज 14फरवरी के दिन शहीदों को नमन कर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर शहीदों को याद किया वह मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की समिति द्वारा शहीदों की दूसरी बरसी बनाई और समिति के सदस्यों ने कहा कि शहीदों को श्रद्धांजलि देना सभी भारतवासियों का अधिकार है और समिति के सदस्य सभी से निवेदन करते हैं कि शहीदों की याद में एक पौधा अवश्य लगाएं जिसमैं सम्मिलित रहे कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष श्री विष्णु अग्रवाल जी समिति के मार्गदर्शक मनोज सिंघल जी समिति सलाहकार अमित बंसल अभिषेक शर्मा और सुमित गर्ग विवेक यादव अशोक सिंह भदोरिया आलोक यादव धीरेंद्र तोमर प्रवीण शर्मा सौरभ गर्ग राहुल बाथम आदिल खान राजेश राठौर संजय सिसोदिया जितेंद्र राजोरिया ईशु अग्रवाल अरविंद इंदौरिया रूद्र प्रताप सिंह आदि सदस्यों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## राम भक्त रिंकू शर्मा के हत्यारों को फांसी देने की मांग की और श्रद्धांजलि सभा अर्पित की

**कैलारस ।** गत दिनों दिल्ली में श्रीराम जन्म भूमि निधि समर्पण अभियान से जुड़े बजरंगदल कार्यकर्ता रिंकू शर्मा की कुछ कट्टरपंथियों से कहा-सुनी के दौरान निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई, जिससे पूरे देश में हिंदू संगठनों और हिंदू समाज में रोष व्याप्त है। पूरे देश में इस घटना के विरोध में प्रदर्शन कर हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग उठ रही है। इसी क्रम में कैलारस नगर में भी हिंदू संगठनों द्वारा इस निंदनीय कृत्य के विरोध में कैलारस थाना प्रभारी को राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन सौंपकर कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर हो रहे पूरे देश में हमले, हत्याएं और जय श्रीराम जैसे नारों को सांप्रदायिक करार देने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता और युवा



शामिल हुए । बजरंगदल के जिला संयोजक पुष्पेन्द्र सिकरवार ने कहा कि केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट ऐसी घटनाओं में अपराधियों को गिरफ्तार कर तत्काल फांसी दे और धार्मिक कट्टरपंथियों पर सख्त कार्रवाई करे। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र बालोठिया ने कहा कि हिंदू समाज हमेंशा से वसुधैव कुटुंबकम की बात करता रहा है। हम दूसरे संप्रदाय के लोंगो से भी सभी धर्म के प्रति सम्मान का भाव रखने की उम्मीद रखते हैं और प्रत्येक हिंदू, रिंकू शर्मा और भक्ति यादव जैसे श्रीराम भक्तों के हत्यारों को फांसी पर लटकते देखना चाहता है। हत्यारों को सख्त सजा दिलवाने के लिए बजरंगदल , ब्राह्मण महासभा(रा) , क्षत्रिय महासभा एवं समस्त हिन्दू संगठन देश भर में आक्रोश प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्पति के नाम ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर सौरभ सिकरवार,महेंद्र सिकरवार ,विक्की उपाध्याय ,भानू जादौन ,राहुल पराशर ,डब्बू सिकरवार और आदि कई और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## संपादकीए

# आर्थिक असमानता का दंश

ऑक्सफैम की रिपोर्ट की मुताबिक, भारत में बीते साल देश के शीर्ष एक प्रतिशत अमीरों की संपत्ति में 39 फीसदी की वृद्धि हुई है। इस अध्ययन में सामने आई असमानता की स्थितियों के मुताबिक भारत में शीर्ष नौ अमीरों की संपत्ति पचास प्रतिशत गरीब आबादी की संपत्ति के बराबर है। रिपोर्ट यह भी कहती है कि हमारे यहां 13.6 करोड़ लोग साल 2004 से कर्जदार हैं जो कि देश की सबसे गरीब 10 फीसदी आबादी है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत की शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी के पास देश की कुल संपत्ति का 77.4 प्रतिशत हिस्सा है, इनमें देश की कुल संपत्ति का 51.53 प्रतिशत हिस्सा मात्र एक प्रतिशत आबादी के पास है। यह बढ़ती आर्थिक गैर बराबरी की चिंतनीय स्थिति ही कही जाएगी कि लगभग 60 प्रतिशत आबादी के पास देश की सिर्फ 4.8 प्रतिशत संपत्ति है। असमानता की बढ़ती खाई को सामने रखने वाली इस रिपोर्ट में इस बात को भी रेखांकित किया गया है कि भारत ही नहीं दुनियाभर में बढ़ती इस आर्थिक असामनता से सबसे ज्यादा लड़कियां व महिलाएं प्रभावित हो रही हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत में पुरुषों की तुलना में महिलाओं के वेतन में काफी अंतर है। यह एक बड़ी वजह है जिसके चलते महिलाओं की आय पर निर्भर परिवार आर्थिक रूप से पिछड़ जाते हैं। इतना ही नहीं देश में महिला-पुरुष के वेतन के बीच का यह फर्क 34 फीसदी है। रिपोर्ट के मुताबिक धर्म, जाति, वर्ग, उम्र और लिंग जैसे कारक भी महिलाओं के प्रति असमानता को प्रभावित करते हैं। इतना ही नहीं भारत में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को वेतन वाले काम मिलने की उम्मीद कम रहती है। हमारे यहां देश के 119 सदस्यीय अरबपतियों में सिर्फ नौ महिलाएं हैं। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर की महिलाएं साल भर में 710 लाख करोड़ रुपए के मेहनताने के बराबर ऐसे काम करती हैं, जिनका कोई मानदेय नहीं मिलता।यह रिपोर्ट बताती है कि भारत के ग्रामीण इलाकों की महिलाएं हर रोज 291 मिनट और शहरी इलाकों की महिलाएं प्रतिदिन 312 मिनट ऐसे कामों में लगाती हैं, जिनके लिए उन्हें कोई भुगतान नहीं मिलता। वहीं शहरी इलाकों के पुरुष महिलाओं के मुकाबले महज 29 मिनट प्रतिदिन और ग्रामीण पुरुष 32 मिनट प्रतिदिन घर और बच्चों की देखभाल जैसे अवैतनिक कामों को देते हैं। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं है कि आर्थिक गैर बराबरी का बढ़ता अनुपात देश के समावेशी विकास के साथ-साथ आधी आबादी को भी प्रभावित कर रहा है। दरअसल, सिर्फ भारत ही नहीं दुनियाभर में महिलाएं आर्थिक विषमता के दंश को सबसे ज्यादा झेलती हैं। देश का तो सामाजिक-पारिवारिक ढांचा ही कुछ ऐसा है कि घर की वित्तीय स्थिति के चलते सामने आने वाली परेशानियों से महिलाओं को जूझना ही पड़ता है। इतना ही नहीं महिलाओं के श्रम का मिल भी नहीं आंका जाता। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत की महिलाएं घर और बच्चों की देखभाल जैसे बिना भुगतान वाले जो काम करती हैं, उसका मूल्य देश की जीडीपी के 3.1 फीसदी के बराबर ही है। हमारे परंपरागत सामाजिक ढांचे में सोच व व्यवहार के धरातल पर आज भी समानता और भेदभाव रहित व्यवहार महिलाओं के हिस्से नहीं आए हैं। आर्थिक विषमता की बढ़ती खाई से साल-दर-साल अमानवीय परिस्थितियों में जीने वाले लोगों के आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं। ऐसे परिवारों की संख्या अब बढ़ रही है जिनके पास जीवनयापन की बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। यही वजह है कि जनकल्याण के लिए काम करने वाले लोग और मानवीय मूल्यों के पैरोकार भी इस बढ़ती विषमता को लेकर चिंतित हैं। हमारे यहां एक बड़ी आबादी को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा ही नहीं आवास एवं भोजन और साफ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं तक भी हासिल नहीं हैं। ऐसे में उनका आर्थिक रूप से कमजोर होना उन्हें हर तरह से निर्बल बनाता है। साथ ही समाज में मौजूद यह असामनता कई तरह के भेदभाव और शोषण का भी कारण बनती है। कोई हैरानी की बात नहीं है कि भारत में आज भी बंधुआ मजदूर, बाल मजदूर और कमजोर आर्थिक परिस्थितियों के चलते कई महिलाओं का अपमान व शोषण देखने को मिलता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भी महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के लिए भारत में बहुत से कानून तो बने हैं लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती बनी हुई है, जिसकी एक वजह पितृसत्तात्मक समाज है। ऑक्सफैम का कहना है कि भारत में ज्यादातर महिलाएं इनफॉर्मेल क्षेत्र में काम करती हैं, जहां यौन शोषण से निपटने के लिए कोई तंत्र नहीं है। यह सच भी है कि असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाली महिलायें ज्यादातर गरीब तबके से आती हैं और हर तरह के शोषण का दंश झेलती हैं।

# भारतीय इतिहास का अनूठा किसान आंदोलन



गोदी मीडिया% के द्वारा कुछ भाजपाई नेताओं व इनके आई टी सेल द्वारा इसे ख़ालिस्तानी आंदोलन से जोड़ा गया तो आंदोलनकारियों ने जगह जगह एक पोस्टर लगाए जिसपर खेतों में कंधे पर फावड़ा लेकर एक किसान खड़ा है और मोटे अक्षरों में लिखा है -%पंजाब के किसान ख़ालिस्तान नहीं मांग रहे बल्कि इस देश को अंबानीस्थान/अडानीस्थान बनने से बचा रहे हैं%। फ़ंडिंग के सवाल पर किसानों का कहना है कि इसकी फ़ंडिंग तो लगभग 570 वर्ष पूर्व गुरु नानक देव जी द्वारा 20 रूपये देकर की गयी थी। यह उसी %सच्चे सौदे% की बुनियाद है जो आज तक चल रही और रहती दुनिया तक यह बरकत क़ायम रहेगी। दिल्ली के चारों ओर दर्जनों लंगर केंद्र संचालित हो रहे हैं। इनमें कई लंगर स्थलों पर मशीनों द्वारा रोटियाँ बनाई जा रही हैं। अनेक जगह ऐसे उपकरण लगे हैं जो भाप से खाना बनाते हैं। अनेकानेक देसी गीज़र लगे हैं जो आंदोलनकारियों को सर्दी में गर्म पानी उपलब्ध करा रहे हैं। कई जगहों पर कपड़ा धोने के केंद्र बने हैं जहाँ अनेक वाशिंग मशीनें लगी हुई हैं। सैकड़ों जगहों पर दिन रात अलाव जलाकर शीत ऋतू से मोर्चा लेने की कोशिश की जा रही है। अनेक वॉलन्टीरस अपने हाथों में वाकी टाकी लेकर व्यवस्था को नियंत्रित करते देखे जा सकते हैं। आंदोलनकारियों द्वारा कहीं कहीं अपने अतिथि शुभचिंतकों व पत्रकारों को पगड़ियां भी भेंट की जाती हैं। जहाँ तक लंगर वितरण करने प्रश्न है तो यहां लंगर खिलाने वाले किसान व वालेंटियर्स किसी का परिचय पूछे बिना सबको लंगर खिलाते हैं।

भारतीय किसानों द्वारा नए कृषि अध्यादेशों को केंद्र सरकार द्वारा वापस लिए जाने की मांग को लेकर चलाया जाने वाला आंदोलन कंपकपाती ठण्ड व शीत ऋतु की बारिश झेलता हुआ लगभग दो महीने पूरे कर चुका है। इस दौरान जहां लगभग 60 किसान इस आंदोलन में भाग लेते हुए दिल्ली की सीमा पर %शहीद% हो गए वहीं दो आंदोलनकारियों द्वारा कृषक समाज की चिंता व बेचैनी देख आत्म हत्या भी कर ली गयी। आत्म हत्या करने वालों में करनाल के एक प्रमुख संत बाबा राम सिंह भी शामिल थे।आश्चर्य की बात है कि जैसे जैसे आंदोलन लंबा खिंचता जा रहा है और केंद्र सरकार द्वारा किसान संगठनों के साथ सात दौर की बात चीत की %फ़र्ज़ अदायगी% के बावजूद सरकार किसानों की कृषि अध्यादेशों को वापस करने की मांग की अनदेखी करती जा रही है वैसे वैसे किसानों में जोश व उत्साह का और अधिक संचार होता जा रहा है। इसका कारण यही है कि यह किसान आंदोलन अब न सिर्फ़ राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन का रूप ले चुका है बल्कि भारत सहित पूरे विश्व का भारतीय समाज भी इस आंदोलन को नैतिक रूप से अपना समर्थन दे रहा है। देश ने इससे पहले भी अनेक बड़े आंदोलन देखे हैं परन्तु आज के आधुनिक दौर में चलने वाला यह आंदोलन तथा इसे संचालित करने की आधुनिक शैली ऐसी है जिसे देखकर सत्ता के गलियारों में भी %रश्क% किया जा रहा है। आंदोलनकारियों के खान-पान,उनके रहन सहन,उनकी दिनचर्या व सुख सुविधाओं को लेकर तरह तरह के सवाल खड़े किये गए हैं। कभी उनकी फ़ंडिंग पर सवाल उठा तो कभी किसानों को ख़ालिस्तानी बताया गया। और भी अनेक लांछन लगाकर आंदोलन को बदनाम करने की कोशिश की गयी। परन्तु अन्नदाता है कि सरकार,उसके तंत्र व बिकाऊ मीडिया के हर आरोपों का माक़ूल जवाब तो दे ही रहा है साथ ही आंदोलन में उसकी ज़रूरत की सभी सुविधाओं में भी दिन प्रतिदिन इज़ाफ़ा होता जा रहा है। उदाहरण के तौर पर जब %गोदी मीडिया% के द्वारा कुछ भाजपाई नेताओं व इनके आई टी सेल द्वारा इसे ख़ालिस्तानी आंदोलन से जोड़ा गया तो आंदोलनकारियों ने जगह जगह एक पोस्टर लगाए जिसपर खेतों में कंधे पर फावड़ा लेकर एक किसान खड़ा है और मोटे अक्षरों में लिखा है -%पंजाब के किसान ख़ालिस्तान नहीं मांग रहे बल्कि इस देश को अंबानीस्थान/अडानीस्थान बनने से बचा रहे हैं%। फ़ंडिंग के सवाल पर किसानों का कहना है कि इसकी फ़ंडिंग तो लगभग 570 वर्ष पूर्व गुरु नानक देव जी द्वारा 20 रूपये देकर की गयी थी। यह उसी %सच्चे सौदे% की बुनियाद है जो आज तक चल रही और रहती दुनिया तक यह बरकत क़ायम रहेगी। दिल्ली के चारों ओर दर्जनों लंगर केंद्र संचालित हो रहे हैं। इनमें कई लंगर स्थलों पर मशीनों द्वारा रोटियाँ बनाई जा रही हैं। अनेक जगह ऐसे उपकरण लगे हैं जो भाप से खाना बनाते हैं। अनेकानेक देसी गीज़र लगे हैं जो आंदोलनकारियों को सर्दी में गर्म पानी उपलब्ध करा रहे हैं। कई जगहों पर कपड़ा धोने के केंद्र बने हैं जहाँ अनेक वाशिंग मशीनें लगी हुई हैं। सैकड़ों जगहों पर दिन रात अलाव जलाकर शीत ऋतू से मोर्चा लेने की कोशिश की जा रही है। अनेक वॉलन्टीरस अपने हाथों में वाकी टाकी लेकर व्यवस्था को नियंत्रित करते देखे जा सकते हैं। आंदोलनकारियों द्वारा कहीं कहीं अपने अतिथि शुभचिंतकों व पत्रकारों को पगड़ियां भी भेंट की जाती हैं। जहाँ तक लंगर वितरण करने प्रश्न है तो यहां लंगर खिलाने वाले किसान व वालेंटियर्स किसी का परिचय पूछे बिना सबको लंगर खिलाते हैं।आंदोलन स्थल के आसपास के ग़रीब बस्तियों के लोग,राहगीर,ड्यूटी पुलिस,पत्रकार या कोई भी अन्य व्यक्ति चाय-नाश्ते से लेकर दोपहर या रात का भोजन प्रसाद ग्रहण कर सकता है। यहाँ यह बात भी क़ाबिल-ए ग़ौर है कि इन्हीं किसानों द्वारा भारत सरकार के साथ विज्ञान भवन में होने होने वाली बैठकों में हर बार पांच सितारा होटल का %सरकारी खाना% खाने से इनकार किया जाता रहा है तथा किसानों द्वारा स्वयं अपना या गुरद्वारे से आए लंगर का प्रशाद विज्ञान भवन में ज़मीन पर बैठ कर लंगर के अंदाज़ में ही खाया गया है। आंदोलन स्थल पर आंदोलनकारियों के लिए बाक़ाएदा स्टोर खोले गए हैं जहाँ रोज़मर्रा की ज़रुरत की हर चीज़ उपलब्ध कराई जा रही है। लंगर व अन्य सेवा कार्यों में लगे वालंटियर्स का कहना है कि जनसहयोग का यह आलम है कि उनके पास भण्डारण में हर समय खपत से अधिक खाद्य व अन्य ज़रूरी सामग्री मौजूद रहती है। खेती किसानी से जुड़े अनेक निहंग सिख इस आंदोलन में अपने बेशक़ीमती घोड़ों व बाज़ को भी साथ लाए हैं। इन निहंगों द्वारा यहाँ अपने गतका कौशल का भी कभी कभी प्रदर्शन किया जाता है। आंदोलन स्थल पर कोई जिम अर्थात व्यायाम शाला की सेवा दे कर आंदोलनकारियों को संघर्ष हेतु चुस्त दुरुस्त रखने की कोशिश कर रहा है तो कई जगहों पर मेडिकल कैंप भी लगाए गए हैं जहां अस्वस्थ लोगों का उपचार किया जा रहा है। अनेक बड़े तंबुओं में साफ़ सुथरे गर्म बिस्तर उपलब्ध हैं तो ज़रूरतमंद आंदोलनकारियों को कंबल लोई जैकेट आदि भी दिया जाता है। किसानों में आपसी एकता बनाए रखने के लिए तथा किसी प्रकार के षड़यंत्र से बचने के लिए कई जगह निर्देशावली लगाई गयी हैं जिनमें मुख्यतः लिखा हुआ है कि -%यह सहज व शांति का आंदोलन है। शांति,एकता व प्यार से रहें। फ़ितूर पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें। सियासत और सियासी लोगों की चाल से बचकर रहना है। लंगर प्रशाद अपने विश्वसनीय लंगर से ही खाने की कोशिश करें। आपसी मिलाप और एकता से रहें। परमेश्वर पर विश्वास रखें।% आंदोलनकारी यह भी जानते हैं कि मुख्यधारा का कहा जाने वाला मीडिया तंत्र चूँकि उनकी समस्याओं को देश को बताने व समझाने के बजाए पूंजिपतियों व सरकारी पक्ष की बात कर रहा है साथ-साथ आंदोलनकारियों को लांछित भी कर रहा है। इसीलिए न केवल किसानों ने अपना आई टी सेल स्थापित किया है बल्कि अपने कई यू ट्यूब चैनल भी चलाए हैं। और तो और %ट्रॉली टाइम्स% नामक एक समाचार पत्र भी आंदोलन स्थल से प्रकाशित हो रहा जो आंदोलन की रोज़ाना की गतिविधियों व ताज़ा स्थिति की जानकारी दे रहा है।

# वेलेंटाइन डे:प्र्रेम का अनुवर्तन या विवर्तन

भारत का उत्सवधर्मी जनसमुदाय प्रेम में इतना पगा हुआ है कि वह प्रेम को सदैव सम्मान और पूज्य भाव से ही देखता है। उसे इस बात की कल्पना ही नहीं है कि बाजारबाद की गला काट प्रतियोगिता ने प्रेम को भी विज्ञापन और व्यवसाय की वस्तुओं में सूचीबद्ध कर लिया है । उसे प्रेम प्रदर्शन के नाम पर उपभोक्ता बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। योरप में प्रेम का प्रतीक माना जाने वाला वेलेंटाइन डे भारत में भी वेलेंटाइन वीक बनगया है। किंवदंती है कि रोम का राजा क?लॉडियस विवाह व घर बसाने की प्रथा के विरुद्ध था। यह भी कहा जाता है कि योरप में कुछ सदी पूर्व तक विवाह की परंपरा सामान्य प्रचलन में न थी। स्त्री-पुरुष किसी के भी साथ प्रेम करने और सम्बन्ध बनाने के लिए स्वतंत्र थे। इस मुक्त संसर्ग से उत्पन्न संतति के पालन पोषण का दायित्व चर्चों के पास होता था वहाँ इनके पालक फादर कहे जाते थे। जो भी हो किन्तु यूरोपीय प्रेम की अवधारणा वाले प्रेम में पवित्रता,त्याग,समर्पण और मर्यादा के आदर्श की वैसी कल्पना नहीं थी जैसी भारत में थी और है। वेलेंटाइन चाहते थे कि वासना की स्वेच्छाचरिता को समाप्त कर लोग विवाह करें किन्तु उनके इस अभियान को वहाँ दण्डनीय माना गया परिमाण यह हुआ कि उन्हें मृत्यु दण्ड मिला। जिन युगलों के उन्होंने विवाह कराए वे प्रतिवर्ष उनकी मृत्यु के दिन श्रद्धांजलि देने लगे और इस प्रकार वेलेंटाइन डे की परंपरा बन गई। किन्तु भारत में इसका कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता। क्यों कि हमारे यहाँ तो गृहस्थ आश्रम समाज की रीढ़ है। भारत में कोई पुत्री अपने पिता या माँ से कहे,पापा यू आर माई वेलेंटाइन तो इसका अर्थ होगा कि पिता जी आप मेरा विवाह कराने वाले व्यक्ति हैं, आपका आभार। भारत में तो माता-पिता की इच्छा से विवाह करना श्रेष्ठ माना जाता है फिर इसमें वलेंटाइन के नाम पर क्या जोड़ें-घटाएँ यह समझ से परे है। यदि दूसरे मिथक को मान लें जिसके अनुसार वेलेंटाइन ने किसी राजकुमारी को लिखे प्रेमपत्र के अंत में लिखा था तुम्हारा वेलेंटाइन। प्रेम करने के अपराध में उसे फाँसी दी गई तो फिर लैला मजनू,हीर-राँझा के प्यार में कौन सी कमी रह गई कि उनकी याद में प्रेम सप्ताह नहीं मनाए जाते ? हमारे यहाँ प्रेम दिवानी मीरा को पूजा जाता है किन्तु ध्यान रहे हमारा भारतीय समाज प्रेम के एवं वासना रहित प्रेम या कहें सात्विक प्रेम का ही अभिनन्दन करता है। वासना जनित प्रेम या प्रेम के नाम पर होने वाली कथित काम क्रीडाओं को यहाँ सम्मान की द्रष्टि से नहीं देखा जाता। आधुनिक वेलेंटाइन वीक के जनक हैं यूरोपीय बाजार। उपहार नाने-बेचने वाली कंपनियों ने जब यह देखा कि क्रिसमस के बाद वेलेंटाइन डे के आस-पास भी ग्रीटिंग कार्डों की डिमांड बढ़ जाती है। तो उन्होंने इसे प्रमोट करना आरंभ किया, वेलेंटाइन को दी जाने वाली श्रद्धांजलियाँ धीरे-धीरे उल्लास और प्रेम के उत्सव में बदल दी गईं। प्रार्थनाएँ प्रपोज डे में रूपांतरित हो गईं और देखते-ही-देखते यह उत्सव वेलेंटाइन वीक बना गाया। अब पूरे सप्ताह बाजार में रौनक रहे,बिक्री बढ़े इसके लिए एक दिन रोज डे मनाकर गुलाब बेचे गए और करोड़ों अरबों का व्यापार खड़ा कर लिया गया फिर चॉकलेट वाले इसमें कूद पड़े, एक दिन में कई महीने के बरावर चॉकलेट की विक्री होने लगी। बड़े-बड़े आकर्षक विज्ञापन गढ़े गए विवाहित लोगों के घरों में प्रेमिका की भाँति पत्नी को चॉकलेट खिलाई जाने लगीं। अब फेसबुक आदि सोशल मीडिया ने इसे घर-घर में पहुँचा दिया।



## चिंतन मंतन

### भक्तों की सहायता करते हैं ईश्वर

ईश्वर को हम भले ही न देख पाएं लेकिन ईश्वर हर क्षण हमें देख रहा होता है। उसकी दृष्टि हमेशा अपने भक्तों एवं सद्व्यक्तियों पर रहती है। अगर आप गौर करेंगे तो पाएंगे कि जीवन में कभी न कभी कठिन समय में ईश्वर स्वयं आकर आपकी सहायता कर चुके हैं। उस कठिन समय में आपके अंदर भक्ति की भावना उमड़ रही होगी और आप ईश्वर को याद कर रहे होंगे। शास्त्र कहता है कि ईश्वर के लिए संसार का हर जीव उसकी संतान के समान है। जो व्यक्ति उसके बनाये नियमों का पालन करते हुए जीवन यापन करता है ईश्वर उसकी सहायता अवश्य करते हैं। गजराज की कहानी आपने जरूर सुनी या पढ़ी होगी। नदी में गजराज को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। इस कठिन समय में गजराज ने भगवान को पुकारा और भगवान विष्णु प्रकट हो गये। भगवान ने अपने चक्र से मगरमच्छ का सिर काट दिया और गजराज के प्राण की रक्षा की। सूरदास जी के जीवन की भी एक ऐसी ही कथा है। सूरदास जी देख नहीं सकते थे। एक बार गलती से एक गड्ढ़े में गिर गये। गड्ढ़े से निकलने का काफी प्रयास करने पर भी वह बाहर निकलने में असफल रहे। इस स्थिति में सूरदास जी ने गोपाल को पुकारा। भगवान श्री कृष्ण बालक रूप में पहुंच गये और सूरदास जी को गड्ढ़े से बाहर निकाला। मीरा के प्राण की रक्षा के लिए भगवान ने मीरा को मारने के लिए भेजे गये विष को प्रभावहीन कर दिया। बघेलखण्ड के बान्धवगढ़ में रहने वाले सेन नामक नाई की भी भगवान ने सहायता की और बघेलखंड का राजा सेन नाई का भक्त बन गया। यह घटना पांच छ- सौ साल पुरानी है। सेन नाई राजा की सेवा करता था। इसका काम प्रतिदिन राजा की हजामत बनाना और तेल मालिश करके स्नान कराना था। एक दिन सेन नाई जब राजमहल की ओर चला तब रास्ते में संतों की टोली मिल गयी। नाई उन्हें लेकर घर आ गया और उनकी खूब सेवा की। संतों के साथ बैठकर संत्संग में भाग लिया। राजा के स्नान करने का समय बीता जा रहा था। नाई के नहीं आने से राजा क्रोधित हो रहे थे। इसी समय भगवान स्वयं सेन नाई का वेष धारणकर राजा की सेवा में पहुंच गये।

# भारत का स्वत्व है हिन्दी स्वत्व को जगाएं

निज भाषा उन्नति, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटे न हिय को शूल। प्रसिद्ध साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र की यह पंक्तियां निश्चित रूप से यह बोध कराने के लिए पर्याप्त हैं कि अपनी भाषा के माध्यम से हम किसी भी समस्या का समाधान खोज सकते हैं। यह सर्वकालिक सत्य है कि कोई भी देश अपनी भाषा में ही अपने मूल स्वत्व को प्रकट कर सकता है। किसी भी देश की आत्मा उसका स्वत्व होती है, बिना स्वत्व के कोई भी देश अपने आधार पर जीवित नहीं रह सकता। हिंदी



भी एक ऐसा आधार है, जिसे हम भारत का स्वत्व कहते है। वह हमारे भारत का निजत्व है, निजी भाषा है। निज भाषा देश की उन्नति का मूल होता है। निज भाषा को नकारना अपनी संस्कृति को विस्मरण करना है। जिसे अपनी भाषा पर गौरव का बोध नहीं होता, वह निश्चित ही अपनी जड़ों से कट जाता है और जो जड़ों से कट गया उसका अंत हो जाता है। भारत का परिवेश निसंदेह हिंदी से भी जुड़ा है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि हिंदी भारत का प्राण है, हिंदी भारत का स्वाभिमान है, हिंदी भारत का गौरवगान है। भारत के अस्तित्व का भान कराने वाले प्रमुख बिंदुओं में हिंदी का भी स्थान है। हिंदी भारत का अस्तित्व है। आज हम जाने अनजाने में जिस प्रकार से भाषा के साथ मजाक कर रहे हैं, वह अभी हमें समझ में नहीं आ रहा होगा, लेकिन भविष्य के लिए यह अत्यंत दुखदायी होने वाला है। वर्तमान में प्रायः देखा जा रहा है कि हिंदी की बोलचाल में अंग्रेजी और उर्दू शब्दों का समावेश बेखटके हो रहा है। इसे हम अपने स्वभाव का हिस्सा मान चुके हैं, लेकिन हम विचार करें कि क्या यह हिंदी के शब्दों की हत्या नहीं है। हम विचार करें कि जब भारत में अंग्रेजी नहीं थी, तब हमारा देश किस स्थिति में था। हम अत्यंत समृद्ध थे, इतने समृद्ध कि विश्व के कई देश भारत की इस समृद्धि से जलन रखते थे। इसी कारण विश्व के कई देशों ने भारत की इस समृद्धि को नष्ट करने का उस समय तक षड्यंत्र किया, जब तक वे सफल नहीं हो गए। लेकिन एक बात ध्यान में रखना होगा कि हम अंग्रेजी को केवल एक भाषा के तौर पर स्वीकार करें। भारत के लिए अंग्रेजी केवल एक भाषा ही है।



# लोहड़ी का त्योहार पर ट्राई करें वेलवेट सूट्स, देखिए लेटेस्ट डिजाइन्स

लोहड़ी का त्योहार जल्द ही आने वाला हैं, इस खास मौके पर लोग ट्रेडीशनल तरीके से तैयार होते हैं, पंजाबी औरतें एक से बढ़कर एक सूट्स में दिखती हैं, मगर जब बात नई नवेली दुल्हन की पहली लोहड़ी की होती हैं तो ये दिन और भी स्पैशल बन जाता हैं। स्पैशल दिन पर कपड़े भी खास होने चाहिए। अगर आप भी अपने घर लोहड़ी पार्टी रखने जा रहे हैं लेकिन आपने अभी तक कपड़ों का सिलेक्शन नहीं किया है तो हम आपको वेलवेट सूट्स का ऑप्शन ही देंगे। वेलवेट सूट्स में आप ठंड से भी बच जाएगी दूसरा आपका दुल्हन वाला चार्म बरकरार रहेगा। तो देरी किस बात की चलिए आपको दिखाते हैं वेलवेट सूट्स के लेटेस्ट डिजाइन्स जो आपको लोहड़ी पार्टी का स्टार बना देंगे। आप वेलवेट सूट के साथ इस तरह का हैवी वर्क वाला मैचिंग शॉल कैरी कर सकती हैं जोकि आपको रॉयल लुक देगा। आजकल स्कर्ट विद लॉन्ग कुर्ती वाला फैशन खूब ट्रेंड में है। तो क्यों ना आप वेलवेट में यह स्टाइल ट्राई करें।शरारा भी इन दिनों खूब ट्रेंड में है तो क्यों ना शरारा भी वेलवेट फैब्रिक में ट्राई करें और उसके साथ कुर्ती भी यूनिक स्टिच करवाए।

# सर्दियों में अपनी डाइट में जरूर शामिल करें स्ट्रॉबेरी, होंगे ये फायदे

सर्दियों में बाजारों में फलों और सब्जियों की भरमार लग जाती है। हमेशा से ये कहा जाता है कि मौसमी फल जरूर खाएं क्योंकि इसमें कई सारे गुण होते हैं जो हेल्थ के लिए बहुत अच्छे साबित हो सकते हैं। सर्दियों में ही स्ट्रॉबेरी की भी भरमार होती है और दिसंबर से फरवरी तक के महीने में ये खूबसूरत और स्वादिष्ट रसेदार बेरीज आपके पास पहुंच जाती हैं।



सर्दियों में अगर आप अपनी डाइट में स्ट्रॉबेरी को शामिल करेंगे तो ये शरीर में कई तरह के मिनरल्स और विटामिन की कमी को पूरा कर सकती है। स्ट्रॉबेरी में विटामिन और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। इसमें भारी मात्रा में एंटी-ऑक्सिडेंट्स भी होते हैं जिन्हें पोलीफेनॉल्स कहा जाता है। स्ट्रॉबेरी में सोडियम, फैट, कोलेस्ट्रॉल नहीं होता है और ये लो कैलोरी फूड होता है। स्ट्रॉबेरी में मैग्नीज, पेटौशियम, विटामिन सी, विटामिन क्क् सब कुछ होता है। ये ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए भी अच्छी होती है और इसलिए स्ट्रॉबेरी को सीजन में जरूर खाना चाहिए। अगर आप ताज़ा स्ट्रॉबेरी ले सकें तो ये अच्छा होगा क्योंकि इससे ही दिल की बीमारी और डायबिटीज से छुटकारा मिल सकता है।

# लगाएं कपूर और मुल्तानी मिट्टी का पैक, निखर उठेगा चेहरा

मुल्तानी मिट्टी को सदियों से स्किन के लिए बेहतरीन माना जाता है। लोग स्किन को मुलायम और ग्लोइंग बनाने के लिए लंबे समय से मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करते आ रहे हैं क्योंकि यह सस्ती भी हैं और इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। मुलतानी मिट्टी की तरह कपूर भी त्वचा के लिए बेहद लाभदायक है। कपूर के ऐंटिबैक्टीरियल गुण स्किन को निरोग बनाने का काम करते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताएंगे कपूर और मुल्तानी मिट्टी से बने फेसपैक के बारे में जो आपकी त्वचा से



ऑयल, डेड स्किन को हटाकर चेहरे पर निखार लाएगा। सामग्रीः मुल्तानी मिट्टी– 2 बड़े चम्मच कपूर – 1 टुकड़ा गुलाब जल– 1 चम्मच विधि– इस फेसपैक को तैयार करने के लिए मुल्तानी मिट्टी में गुलाब जल और कपूर को पीसकर डालें। अब इन सब को अच्छे से मिलाएं। फेसपैक लगाने से पहले चेहरे को अच्छे से साफ करें। फिर इस पैक को पूरे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाकर रखें। सूखने पर चेहरे को पानी से धो लें और मॉइस्चराइजर लगाएं।

# हींग से मिलेंगे जबरदस्त फायदे

हींग का इस्तेमाल हर घर में किया जाता है। खाने का फ्लेवर बढ़ाने के साथ-साथ यह दवाइयां बनाने में भी काम आती है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन आदि भरपूर मात्रा में शामिल होते हैं। इसके अलावा इसके एंटी-वायरल, एंटी-बायोटिक, एंटी-ऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण कई तरह की बीमारियों से बचाव करने में भी मददगार है। जो लोग लहसुन खाने से परहेज करते हैं उन्हें हींग का सेवन जरूर करना चाहिए इसका फायदा तभी मिलता है जब हींग असली हो। इसे खरीदने से पहले पहचान होना जरूरी है कि कहीं हींग में कोई मिलावट तो नहीं। जानें कैसे करें असली हींग की पहचान।

1। हींग को पानी में घोलें अगर इसका रंग दूध जैसा सफेद हो जाता है तो हींग असली है।

2। हींग को माचिस की तीली से जला कर देखिए। इसमें से अगर चमकदार लौ निकले और यह पूरी तरह से जल जाए तो समझ लें हींग असली है। नकली हींग के जलाने पर ऐसा नहीं होता।

आयुर्वेद के अनुसार हींग गर्म तासीर की होती है। इसमें कैल्शियम, फास्फोरस , आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा यह टी इंफ्लेमटरी, एंटी वायरल , एंटी बेक्टिरियल, एंटीऑक्सीडेंट जैसे गुणों से भी भरपूर है। हींग का फायजा लेने के लिए इसका इस्तेमाल सब्जियों में किया जा सकता है। पाउडर वाली हींग की बजाय कठोर हींग खरीदें। इसे कढ़ाई में डाल कर मध्यम आंच पर भूनें जब इस पर सफेद धब्बे पड़ जाए तो इसे निकाल कर दोबारा भूनें। इसी तरह इसे फिर सेंक लें यह पॉप कॉर्न की तरह फूल जाएगी। फिर इसे निकाल कर मिक्सी में थोड़ा-सा नमक डालकर पीस लें। इसका पाउडर आप सब्जी बनाने में



इस्तेमाल करें। पेट की गैस, पाचन क्रिया की गड़बड़ी, पेट दर्द, बदहजमी आदि जैसी परेशानियां दूर करने में हींग फायदेमंद है। चुटकी भर हींग, अजवाइन और काला नमक मिलाकर गुनगुने पानी के साथ लेने से तुरंत आराम मिलता है।

नवजात के लिए लाभकारी- हींग का पानी के साथ घोल बनाकर छोटे बच्चे की नाभि के आस-पास लगाने से पेट की गैस निकल जाती है।

भूख बढ़ाए- बदहजमी से परेशान हैं तो हींग,अजवाइन,छोटी हरड़ और सेंधा नमक के पाउडर को बराबर मात्रा में मिलाकर दिन में 3 बार चुटकी भर सेवन करें। इससे भूख भी बढ़ने लगती है।

दर्द से आराम- दांत का दर्द, माइग्रेन, सिरदर्द, पीरियड्स के दौरान होने वाली दर्द से छुटकारा दिलाने में भी हींग बहुत लाभकारी है। इसके लिए 1 गिलास गुनगुने पानी में चुटकी भर हींग मिलाकर उबाल लें और गुनगुना होने पर इसका सेवन करें। इससे जोड़ों के दर्द से भी आराम मिलता है।

कफ से राहत- हींग के साथ शहद और 1 बूंद अदरक का रस मिलाकर सेवन करें।

# खांसी से हैं परेशान, तो जरूर अपनाएं ये घरेलू उपचार

खांसी को स्वास्थ्य के लिए खराब माना जाता है लेकिन ऐसा नहीं है। यह अस्थायी होती है और गले में सांस लेने का रास्ता इससे साफ हो जाता है। बाहरी कण खत्म हो जाने पर खांसी भी चली जाती है। कई बार यह स्थायी रूप से रह जाती है, उस स्थिति में इलाज की जरूरत होती है। इसके पीछे, धूल, मिट्टी, प्रदूषण आदि कई कारण हो सकते हैं।



सूखी खांसी के साथ गले में जलन से निपटने के लिए कुछ यहां कुछ घरेलू टिप्स बताए गए हैं, जिनका इस्तेमाल आप खांसी के दौरान कर सकते हैं। शहद– खांसी में शहद को घरेलू उपाय के रूप में बेहतरीन माना जाता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट रोगाणु से लड़ने में सहायक होते हैं। इसके अलावा गले में खराश खत्म करने में भी शहद अहम है। इस स्टडी से यह पता चला कि सर्दी और खांसी के इलाज में शहद का इस्तेमाल करना ओवर द काउंटर दवाओं से भी बेहतर होता है। हर्बल टी या नीम्बू पानी में दो चम्मच शहद मिलाकर दिन में दो बार इसे पीना चाहिए। नमक के पानी से गरारे– नमक के पानी से गरारे गले में सहायक है। गले की खुजली मिटाने के अलावा नमक के पानी से गरारे करने पर फेफड़ों में बलगम भी कम हो सकता है। एक कप गर्म पानी में एक चौथाई नमक मिलाने के बाद इससे दिन में कई बार गरारे करने चाहिए। गले में होने वाले टोंसिल में भी इससे फायदा होता है।



# अपने ख्वाबों की महिला बन रही है उर्वशी

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने हाल ही में अपने सोशल मी?डिया अकांउट पर एक नई तस्वीर साझा की। उन्होंने यह तस्वीर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट की, ?जिसमें वह प्लंजिन्ग नेकलाइन वाली एक ब्लैक ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा ?कि ÷मैं अपने ख्वाबों की महिला बनकर उभर रही हूं।÷ बता दें ?कि उर्वशी सोशल मीडिया पर काफी ए?क्टिव रहती हैं। इससे पहले उन्होंने अपनी मां के जन्मदिन पर उन्होंने एक प्यारा सा नोट साझा किया था, जिसमें अभिनेत्री ने इस बात का जिक्र किया था कि वह अपनी मां के मार्गदर्शन और सपोर्ट के लिए उनकी शुक्रगुजार हैं।





# 'द फैमिली मैन 2' की रिलीज डेट 12 फरवरी फिक्स

**मुंबई ।** अमेजन प्राइम वीडियो ने अवार्ड-विनिंग शो 'द फैमिली मैन' के नए सीजन को लॉन्च करने हेतु 12 फरवरी 2021 की तारीख घोषित कर दी है। इस एक्शन स्पाई थ्रिलर के सीक्वल का नैरेटिव बहु-स्तरीय है। इस बार यह भारत के पसंदीदा फैमिली मैन श्रीकांत तिवारी की वापसी का गवाह बनने जा रहा है, जिसकी भूमिका मनोज बाजपेयी निभा रहे हैं। अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी के बीच संतुलन बनाने की जद्दोजहद करते हुए इस बार श्रीकांत तिवारी प्रतिशोध की एक नई देवी 'राजी' से मुकाबला करेंगे, जिसकी भूमिका सामंथा अक्किनेनी निभा रही हैं। उतार-चढ़ावों से भरपूर आगामी सीजन में हम श्रीकांत को एक नए मिशन पर निकलता देखेंगे, क्योंकि 'दिस टाइम, नो वन इज सेफ'।

# सपना का सूट यो जच रहा पटियाला का वीडियो वायरल

**मुंबई ।** हरियाणा की पॉपुलर सिंगर व डांसर सपना चौधरी एक और वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ है। दरअसल, हाल ही में सपना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक वीडियो शेयर किया, जो उनके नए गाने %सूट यो जच रहा पटियाला% का है। सपना के शेयर करते ही उनका यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल होने लगा है। इस वीडियो में सपना का बिलकुल नया अवतार देखने को मिल रहा है। सपना द्वारा शेयर किए गए वीडियो को इंस्टाग्राम पर अब तक 17 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं और लोग कमेंट बॉक्स में इस गाने की जमकर तारीफ करते नजर आ रहे हैं। बता दें, %बिग बॉस% के 11वें सीजन में नजर आई थीं। इस शो में जमकर सुर्खियां बटोरने वाली सपना चौधरी सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर सपना चौधरी के एक से बढ़कर एक हॉट फोटो और वीडियो आपको देखने को मिल जाएंगे। %बिग बॉस% का हिस्सा बनने से पहले सपना सिर्फ हरियाणवी गाने में ही नजर आती थीं, लेकिन इस शो से मिली पॉपुलैरिटी के बाद वह हरियाणवी से लेकर पंजाबी, भोजपुरी और बॉलीवुड फिल्मों में आइटम नंबर से दर्शकों का खूब ध्यान खींचा। साथ ही उनका यह सफर बॉलीवुड तक जा पहुंचा। उन्होंने फिल्म %दोस्ती के साइड इफेक्ट% से बॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रखा था।



# मध्यप्रदेश की धरती पर किसी को बेसहारा नहीं रहने देंगे: मुख्यमंत्री चौहान

## मुख्यमंत्री चौहान ने किया रैन बसेरा का औचक निरीक्षण




**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर किसी को बेसहारा नहीं रहने देंगे। सभी नगरीय निकायों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर परिवार को छत ज़रूर मिले। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर के सुखालिया तथा झाबुआ टावर स्थित रैन बसेरा में औचक निरीक्षण के दौरान यह बात कही। उन्होंने रैन बसेरा में विभिन्न प्रांतों से आये मुसाफिरों से चर्चा कर यहाँ मिलने वाले भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री श्री चौहान रैन बसेरा में ठहरे यात्री गुरु प्रसाद से आत्मीयता के साथ मिले। उन्होंने गुरु प्रसाद का कंबल निकालकर देखा और पूछा कि इसमें खटमल तो नहीं है। गुरु प्रसाद ने बताया कि बिस्तर साफ-सुथरा मिला है और यहाँ की सभी व्यवस्थाएँ भी अच्छी हैं। रैन बसेरा में ठहरे दिल्ली के मुसाफिर विनोद ने मुख्यमंत्री द्वारा पूछने पर बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित यह रैन बसेरा पूरी सुविधाओं से परिपूर्ण है। उन्होंने ऐसा रैन बसेरा दिल्ली में भी नहीं देखा। मुख्यमंत्री ने रैन बसेरा का रजिस्टर चेक किया और यहाँ रुके यात्रियों की जानकारी ली। रैन बसेरा की व्यवस्थाओं को मुख्यमंत्री ने सराहा। रैन बसेरा के निरीक्षण बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रेसीडेंसी कोठी में विभिन्न प्रतिनिधि मण्डलों से मुलाकात की। उन्होंने अयोध्यापुरी और पुष्प विहार सहकारी समिति के प्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी समस्याएँ सुनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जायेगा और गलती पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई भी की जायेगी।

# प्रदेश में नक्सली गतिविधियों को किसी कीमत पर बढ़ने नहीं देंगे : मंत्री डॉ. मिश्रा

**भोपाल।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि प्रदेश में नक्सली गतिविधियों को किसी कीमत पर बढ़ने नहीं दिया जाएगा। मंत्री डॉ. मिश्रा ने दो इनामी नक्सलियों को मार गिराने के लिए मंडला पुलिस को फोन कर बधाई दी। शनिवार को उज्जैन में मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में माफिया के खिलाफ चलाये जा रहे अभियानों में पुलिस लगातार तत्परता पूर्वक कठोर कार्यवाही कर रही है। माफिया के खिलाफ निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ भी चल रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शुक्रवार रात नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में दक्षिण बस्तर सुकमा के 14-14 लाख रुपए के इनामी नक्सली टूल्ला उईके और प्रमिला को मार गिराया है। पुलिस की इस सफलता पर गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने दूरभाष पर मंडला के पुलिस अधीक्षक, उनकी टीम और नक्सलियों के सफाए में लगी हुई फोर्स को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात में मंडला जिले के मोतीनाला थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। इसमें दो इनामी नक्सली मारे गए हैं। पुलिस ने नक्सलियों के पास से बड़ी मात्रा में असलहा भी बरामद किया है। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा सुबह उज्जैन के त्रिवेणी (नवग्रह) शनि मंदिर पहुँचे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

## केंद्रीय मंत्री द्वारा नागपुर में मृगनयनी शोरूम का शुभारंभ

# मृगनयनी मध्यप्रदेश शिल्प कला का बेहतर संरक्षक : केंद्रीय मंत्री गडकरी



**भोपाल।** केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि मृगनयनी मध्यप्रदेश के हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की पारंपरिक कला का बेहतर संरक्षण कर रहा है। उन्होंने यह बात नागपुर के सांस्कृतिक केंद्र परिसर में मध्यप्रदेश हस्तशिल्प विकास निगम के शोरूम के शुभारंभ अवसर पर कही। मृगनयनी का यह 39वाँ शोरूम है, जो देश के बड़े और मेट्रोपॉलिटन शहरों में खोला गया है। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विभिन्न घटक भी देश की हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों को प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश हस्तशिल्प विकास निगम की गतिविधियों को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की निफ्ट और डिजाइन संस्थानों के माध्यम से युवा शिल्पियों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है, जिससे इनकी कला को और परिष्कृत किया जा सकेगा। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प विकास निगम के प्रबंध संचालक राजीव शर्मा ने बताया कि मृगनयनी भारत में सर्वाधिक प्रतिष्ठित हथकरघा- हस्तशिल्प ब्रांड बन गया है। मृगनयनी के माध्यम से प्रदेश के शिल्प को नई पहचान मिली है। मध्यप्रदेश की माहेश्वरी, चंदेरी की साड़ियाँ, पीतल शिल्प, पत्थर शिल्प, काष्ठ शिल्प, टेराकोटा शिल्प की मांग पूरी देश में तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए कृत-संकल्पित है। शुभारंभ कार्यक्रम के उपरांत मध्यप्रदेश हस्तशिल्प विकास निगम की ओर से केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के शिल्पी और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# रेलवे ने माल ढुलाई से कमाए 724.41 करोड़

**भोपाल।** कोरोना वायरस के कारण जारी लॉकडाउन में भी भोपाल रेल मंडल ने माल परिवहन करके राजस्व कमाई में रिकार्ड बनाया है। चालू वित्तीय वर्ष (2020-21) के 10 महीनों में माल परिवहन से 724.41 करोड़ रुपये की कमाई की है जबकि बीते वित्तीय वर्ष में इसी अवधि में 558.36 करोड़ रुपये राजस्व मिला था। इस तरह बीते साल की तुलना में इस साल दस माह में राजस्व की कमाई में 29.74 फीसद बढ़ोतरी हुई है। रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विजय प्रकाश के मार्गदर्शन में रेलवे ने भोपाल समेत मप्र के व्यापारी, उद्योगपतियों को माल परिवहन करने पर दी जा रही प्रोत्साहन योजना के बारे में जानकारी दी है। इसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। व्यापारी रेलवे की तरफ आकर्षित हुए हैं। बता दें कि रेलवे को लॉकडाउन में सड़क परिवहन बंद होने के कारण भी फायदा हुआ है। लॉकडाउन के समय वाहन बिल्कुल भी नहीं चल रहे थे। पूरा ट्रांसपोर्ट ट्रेनों के भरोसे था।

## किसानों के हित में हुए अनेक नवाचार

# आत्म-निर्भर म.प्र. में कृषि क्षेत्र की होगी महत्वपूर्ण भागीदारी




**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के किसानों के हित में खेती को लाभप्रद बनाने और किसानों की आय दोगुनी करने के लिये अनेक नवाचार किये हैं। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी होगी। कृषि उत्पादन को बढ़ाना, उत्पादन की लागत को कम करना, कृषि उपज के उचित दाम दिलाना और प्राकृतिक आपदा या अन्य स्थिति में उपज को हुए नुकसान में किसान को पर्याप्त क्षतिपूर्ति देना, सरकार के प्रयासों में शामिल हैं। प्रदेश के किसानों को सरकार से मिल रहे संबल से किसानों ने प्रमुख रूप से गेहूँ उत्पादन में रिकार्ड कायम किया। मध्यप्रदेश गेहूँ उपार्जन में पूरे देश में अव्वल रहा। किसानों के हित में कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन करते हुए ई-ट्रेडिंग का प्रावधान किया गया और किसानों को उपार्जन केन्द्र के साथ ही मंडी के अधिकृत निजी खरीदी केन्द्र और सौदा-पत्रक व्यवस्था के माध्यम से भी फसल बेचने की सुविधा प्रदान की गई। गेहूँ, धान एवं अन्य फसलों के उपार्जन की 33 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि किसानों के खातों में अंतरित की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि का लाभ मध्यप्रदेश के किसानों को मिल रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष किसानों को 6-6 हजार रूपये दिए जाते हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री किसान कल्याण सम्मान निधि योजना की शुरूआत कर किसानों को मध्यप्रदेश शासन की ओर से प्रतिवर्ष 4 हजार रूपये दो बराबर किश्तों में दिये जाना शुरू किया गया। इस प्रकार किसानों को अब कुल 10 हजार रूपये प्रतिवर्ष किसान सम्माननिधि मिल रही है। प्राकृतिक आपदा या किसी अन्य परिस्थिति में किसान की उपज को हुए नुकसान में राहत पहुँचाने वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लंबित प्रीमियम जमा कर प्रदेश सरकार ने किसानों को राहत पहुँचाई। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सत्ता में आते ही बीमा योजना का लंबित प्रीमियम भरा और प्रभावित किसानों को फसल बीमा राशि दिलवाई गई। लॉकडाउन की विकट स्थिति में एक करोड़ 29 लाख टन गेहूँ 16 लाख किसानों से खरीद कर उनके खातों में 27 हजार करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की गई।

# सरकारी बंगला अलॉट होने के बाद देखने पहुंचे सिंधिया



**भोपाल।** राज्यसभा सांसद व बीजेपी के वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया भोपाल में बंगला अलॉट होने के 24 दिन बाद रविवार सुबह अपने सरकारी निवास पर पहुंचे। उन्हें श्यामला हिल्स पर बंगला बी-5 मिला है। यह उन्हें करीब 18 साल के इंतजार के बाद मिला है। नई दिल्ली से वे फ्लाइट से रविवार सुबह भोपाल पहुंचे। उनका बंगले पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। उनके साथ परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और मंत्री तुलसी सिलावट भी रहे। करीब डेढ़ एकड़ वाला यह बंगला पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती और दिग्विजय सिंह से भी बड़ा बंगला है। बंगला नंबर बी-6 उमा भारती के अब सिंधिया पड़ोसी हो गए हैं। दिग्विजय सिंह 3 बंगले छोड़ कर बी-1 में रहते हैं। लोकसभा चुनाव हारने के बाद केंद्र सरकार ने सिंधिया से दिल्ली (27 सफदरजंग रोड) का सरकारी आवास 27 जुलाई 2019 को खाली करा लिया था। गुना से सांसद रहते सिंधिया ने तीन साल पहले मध्यप्रदेश सरकार (मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के तीसरे कार्यकाल में) से भोपाल में सरकारी बंगला मांगा था, लेकिन उनका आवेदन करीब छह माह तक लंबित रहा। उस दौरान सिंधिया विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष रहे थे। वे अपना बेस कैंप भोपाल को बनाना चाहते थे। सिंधिया ने कमलनाथ सरकार में भी प्रयास किया था लेकिन फिर 2019 में वह लोकसभा चुनाव हार गए और बंगला नहीं मिल पाया। भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और विधायकों को बी और सी टाइप बंगले मिले हैं, जो 1 से 1.50 एकड़ क्षेत्र में फैले हैं। बी टाइप बंगले 105 हैं, जिनका किराया 6 हजार रुपए प्रतिमाह है। सी टाइप बंगले 61 है, जिनका किराया 4800 रुपए है। इन बंगलों के मेंटेनेंस पर हर साल सरकार को 50 करोड़ रुपए खर्च करने होते हैं।

# शहर में 15 फीसदी तक बढ़ सकते हैं जमीन के रेट

**भोपाल।** राजधानी में जमीन के रेट 15 फीसदी तक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। कल 15 फरवरी को फाइनल बैठक कर जिला मूल्यांकन समिति को प्रस्ताव भेज दिया जाएगा। सूत्रों की मानंउन क्षेत्रों में जमीनों के रेट 5 से 25 फीसदी बढ़ाए जाने का प्रस्ताव उप जिला मूल्यांकन समिति ने 6 फरवरी तक तैयार कर लिया था। ऐसे क्षेत्रों व कॉलोनियों की संख्या 50 से अधिक सामने आई थीं, जहां पर बढ़ाए जाने वाले रेट भी फायनल कर लिए गए थे। 8 फरवरी को होने वाली बैठक में इस प्रस्ताव का मंजूरी मिलनी थी, लेकिन यह बैठक नहीं हो सकी। इसी बीच संपदा ई-पंजीयन कार्यालय से गाइडलाइन से हायर वैल्यू पर हुई रजिस्ट्रियों की सूक्ष्मता से जांच करने के निर्देश दे डाले। जनवरी के बाद यह तीसरा मौका है जब फिर से प्रस्तावित गाइडलाइन में संशोधन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मेट्रो और स्मार्ट सिटी ही नहीं बल्कि अन्य सरकारी प्रोजेक्टों के दायरे में आ रही जमीनों के रेट नहीं बढ़ाए जाएंगे। जहां पर जमीनें आरक्षित और अधिगृहीत होनी हैं। हालांकि उसके आसपास की कॉलोनियों के रेट बढ़ाए जा सकते हैं। कोरोना काल में जमीनों के दाम बढ़ने के बजाय घटे हैं, लोग सस्ती कीमतों में जमीनों के सौदे कर रहे हैं। बावजूद इसके भोपाल में 150 से अधिक क्षेत्र व कॉलोनियां सामने आई हैं जहां पर गाइडलाइन से हायर वैल्यू (अधिक कीमत) पर रजिस्ट्रियां हुई हैं। संपदा ई-पंजीयन ने भोपाल के ऐसे क्षेत्रों की सूची जिला पंजीयन कार्यालय को भेजते हुए, उसकी सूक्ष्मता से जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। इस रिपोर्ट के आधार पर उप जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 15 फरवरी को आयोजित की जाएगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में एक लाख हितग्राहियों को गृह-प्रवेश की मिलेगी सौगात

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री चौहान करवायेंगे गृह-प्रवेश, गृह-प्रवेश महोत्सव 16 फरवरी को



**भोपाल।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 16 फरवरी को प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत मध्यप्रदेश के एक लाख हितग्राहियों को उनके नये आवास में गृह-प्रवेश करवायेंगे। गृह प्रवेश महोत्सव का वर्चुअल कार्यक्रम मिन्टो हॉल में प्रातः 11 बजे से होगा। गृह-प्रवेशम् कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री शाह एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत इतनी बडी संख्या में गृह-प्रवेश कराये जाने का यह दूसरा बड़ा आयोजन है। इससे पूर्व 12 सितम्बर 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के 2 लाख हितग्राहियों को गृह-प्रवेश कराया था। मध्यप्रदेश में योजनांतर्गत कोरोना की चुनौतियों से निपटते हुए 3 लाख से अधिक आवास निर्मित किये गये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। %%सबको आवास%% का लक्ष्य हासिल करने के लिये मध्यप्रदेश में इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लगभग 18 लाख ग्रामीण परिवारों को अपना घर उपलब्ध कराया गया है। लाभान्वित सभी परिवार ऐसे थे, जिनके पास घर नहीं था या वे कच्चे जीर्ण-शीर्ण घरों में रह रहे थे। पूर्व में संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्मित आवासों को भी शामिल कर लिया जाये, तो आवास निर्माण में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्य में शुमार होगा। योजनान्तर्गत हितग्राही को मकान की इकाई लागत मैदानी जिलों में एक लाख 20 हजार तथा दूरस्थ पहुँच-विहीन, दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में एक लाख 30 हजार रूपये शत-प्रतिशत अनुदान के रूप में आवास निर्माण कार्य की प्रगति के आधार पर किश्तों के रूप में दिये जाते हैं। मकान के साथ ही स्वच्छ शौचालय का निर्माण भी किया जाता है। हितग्राही को उज्जवला योजनान्तर्गत एल.पी.जी. गैस कनेक्शन भी उपलब्ध कराया जाता है। मध्यप्रदेश में समृद्ध पर्यावास अभियान के नाम से इन हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन-कार्ड, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, परिवार की महिलाओं को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के रूप में संगठित करने जैसी 27 शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया गया है। यह इंद्रधनुषी प्रयोग हितग्राहियों के सर्वांगीण विकास में महत्पूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। योजनान्तर्गत चार किश्तों में आवास सॉफ्ट-एप के माध्यम से जियो टेग, फोटो अपलोड होने पर स्वमेव राशि हितग्राही के खाते में अंतरित हो जाती है। इससे हितग्राही को योजनांतर्गत राशि प्राप्त करने के लिये परेशान नहीं होना पड़ता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के जिन एक लाख हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जा रहा है, उन्हें एक लाख बीस हजार के मान से लगभग 12 सौ करोड़ से अधिक राशि उनके खातों में अंतरित की गई थी। आवासों को पूर्ण करने का अधिकतम समय 12 माह है, परन्तु यह आवास कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय में अत्यंत कम अवधि में तेजी से पूर्ण किये गये हैं। जबकि राष्ट्रीय स्तर पर आवासों की पूर्णता की अवधि 114 दिन है। इस योजना ने वास्तविक अर्थों में विपदा को अवसर में बदला है।

# एमपी में मौसम का मिजाज बदलने की उम्मीद, 15 फरवरी के बाद हो सकती है बारिश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम के मिजाज बदलने की उम्मीद है। दरअसल, मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं होने की वजह से राज्य में मौसम शुष्क बना हुआ है। वहीं, आसमान साफ रहने के कारण धूप में तल्खी महसूस होने लगी है। वर्तमान में हवा का रुख उत्तर-पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी हो रहा है। उत्तर भारत की तरफ से आने वाली सर्द हवाओं के कारण दिन का तापमान अधिक नहीं बढ़ पा रहा है। साथ ही रात में ठंड बरकरार है। मौसम विभाग के मुताबिक दो-तीन दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा। इसके बाद 15 फरवरी से मौसम एक बार फिर बदलेगा और प्रदेश के कुछ स्थानों पर बादल छाने के साथ बारिश होने की भी संभावना है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अजय शुक्ल ने बताया कि पिछले कई दिनों से मध्य प्रदेश का मौसम शुष्क बना रहा है। इस समय मध्य प्रदेश के अधिकांश भागों में दिन के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं तथा रात के तापमान भी सामान्य के आसपास हैं। लेकिन इस सप्ताह सूखे का यह सिलसिला खत्म होने वाला है। इस सप्ताह बारिश के लिए मौसम अनुकूल बन रहा है। 16 से 18 फरवरी के बीच मध्य प्रदेश के पूर्वी और दक्षिण पूर्वी जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा देखने को मिल सकती है। 18 और 19 फरवरी को यह वर्षा की गतिविधियां दक्षिणी पश्चिमी मध्य प्रदेश की ओर आ जाएंगी। इस दौरान प्रदेश के भोपाल, होशंगाबाद, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, शहडोल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें पडने़ की भी संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक इस बार जनवरी के महीने में मध्य प्रदेश में बरसात मिली जरूर लेकिन फरवरी में अब तक राज्य में बारिश नहीं हुई है।



स्पेन के बार्सिलोना में चल रहे स्पेनिस ला लिगा फुटबाल मैच के दौरान गोल करने का प्रयास करते लियोनेल मैसी।

## पहली ही गेंद पर विकेट ले सकते थे बुमराह

**चेन्नई।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह देश में अपने पहले टेस्ट मैच की पहली ही गेंद पर विकेट ले सकते थे पर यह अवसर उनके हाथ से निकल गया। घरेलू धरती पर अपना पहल टेस्ट खेल रहे बुमराह को अपनी पहली ही गेंद पर इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज रोरी बर्न्स का विकेट मिल सकता था। बर्न्स बुमराह की गेंद को खेलने के प्रयास में कैच दे बैठे पर विकेटकीपर ऋषभ पंत इसे लपक नहीं पाये क्योंकि गेंद बेहद नीची थी। गेंद बल्ले का किनारा लेते हुए विकेट के पीछे चली गई थी। ऋषभ ने इस कैच को लपकने के लिए अपने दाईं तरफ डाइव भी लगाई थी। बुमराह ने विदेशी धरती पर 17 टेस्ट खेलने के बाद भारतीय जमीन पर अपना पहला टेस्ट मैच खेला है। इस मैच विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा की जगह पर ऋषभ को अवसर दिया गया है क्योंकि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया था। ऋषभ आक्रामक बल्लेबाज हैं पर वह विकेटकीपिंग को लेकर कमजोर माने जाते हैं।

## क्रिकेट के साथ ही कारोबार में भी आगे बढ़ रहे रहाणे

**मुम्बई।** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान आजिंक्य रहाणे क्रिकेट के साथ ही कारोबार में भी आगे बढ़ रहे हैं। रहाणे स्टार्टअप कंपनियों में निवेशक हैं। रहाणे के अलवा कई अन्य क्रिकेटर भी स्टार्टअप में निवेश कर रहे हैं। रहाणे ने पिछले साल दो स्टार्टअप कंपनियों में निवेश किया था, जिसमें से पहला महिंद्रा सपोर्टेड एग्रीटेक स्टार्टअप मेरा किसान और दूसरा खेल प्रेमियों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म हडल है।



पुणे स्थित एग्रीटेक स्टार्टअप मेरा किसान के रहाणे ब्रांड एंबेसडर भी हैं। इसकी स्थापना 2016 में महिंद्रा एग्री सॉल्युशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी के तौर पर की गयी थी। यह महिंद्रा एंड महिंद्रा के पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है। यह प्रमाणीकरण, तकनीकी सहायता और जैविक और पौष्टिक खाद्य पदार्थों की मदद से जैविक किसानों के साथ मिलकर काम करती है।

वहीं मेरा किसान स्टार्टअप पर आप ऑर्गेनिक घी, ताजा फल-सब्जी, ऑर्गेनिक चावल, दाल, आटा, दलिया, सूखे मेवा और मसाले भी खरीद सकते हैं। शुद्ध और ऑर्गेनिक शहद और अंडे भी यहां से खरीदे जा सकते हैं। रहाणे से जब पूछा गया कि उन्होंने निवेशक बनने का फैसला क्यों किया, तब उन्होंने बताया कि क्रिकेटर होने के नाते बचपन से ही हमारी दिनचर्या बहुत ही फोकस्ड होती है। मैंने जितना क्रिकेट खेला मुझे उतना ही घुमने का मौका भी मिला। उस दौरान नए लोग से मिलना, उन्हें जानना और उनके द्वारा किये जा रहे विभिन्न आकर्षक बिजनेस के बारे में भी जानने को मिला।

# रोहित-पंत के बाद अश्विन का जलवा, भारत की मुट्ठी में मैच



**चेन्नई।** भारत और इंग्लैंड के बीच हो रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट के नुकसान पर 54 रन बना लिए हैं। फिलहाल, रोहित शर्मा 25 और चेतेश्वर पुजारा सात रन बनाकर नाबाद थे। दूसरे दिन टीम इंडिया ने पहली पारी में 329 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 161 रन की पारी खेली। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम महज 134 रन पर सिमट गई। इसतरह पहली पारी के आधार पर टीम को 195 रन की बढ़त हासिल हुई, जबकि कुल बढ़त 249 रन की हो गई है। अश्विन ने पहली पारी में 43 रन देकर पांच विकेट लेकर इंग्लैंड की कमर तोड़ दी। दरअसल, भारत ने सुबह छह विकेट पर 300 रन से आगे खेलना शुरू किया और 29 रन जोड़कर अपने बाकी बचे चारों विकेट गंवा दिए। ऋषभ पंत 77 गेंदों पर 58 रन बनाकर नाबाद रहे। चेपॉक की पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है और दूसरे दिन कुल 217 रन बने और इस बीच 15 विकेट गिरे। भारत ने दूसरी पारी में शुभमन गिल (14) का विकेट गंवाया, जिन्होंने जैक लीच की पगबधा की सफल अपील पर रिव्यू गंवाया लेकिन पहली पारी के शतकवीर रोहित शर्मा (नाबाद 25) ने डीआरएस का सफल उपयोग करके अपना विकेट बचाया। पहली पारी में हाथ में चोट लगने के कारण फील्डिंग नहीं कर पाने वाले चेतेश्वर पुजारा सात रन बनाकर खेल रहे हैं। इशांत के साथ गेंदबाजी का आगाज करने वाले अश्विन ने 29वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास उनकी बलखाती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत इस बीच केवल डीआरएस के मामले में बैकफुट पर रहा। टीम ने अपने तीनों रिव्यू गंवाये। बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फॉक्स (नाबाद 42) को छोड़कर इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों को विश्वास के साथ नहीं खेल पाया। उसने लंच से पहले ही 39 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। दूसरे सत्र में भी उसके चार बल्लेबाज पवेलियन पहुंचे जबकि चाय के विश्राम के बाद उसकी पारी सिमटने में देर नहीं लगी। इशांत ने रोरी बर्न्स (शून्य) को आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। दूसरे सलामी बल्लेबाज डॉम सिब्ले (16) आउट होने वाले अगले बल्लेबाज थे। अश्विन की गेंद पर कप्तान विराट कोहली ने लेग स्लिप में उनका कैच लिया।

## आईपीएल के बाद भारती टीम को मिले ब्रेक : शास्त्री

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि भारतीय क्रिकेटरों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद तरोताजा होने के लिए दो हफ्ते का ब्रेक मिलना चाहिए। कोच के अनुसार बायो-बबल में रहना 'मानसिक रूप से काफी थकाऊ' होता है। भारतीय खिलाड़ियों को सितंबर में संयुक्त अरब अमीरात में हुए आईपीएल 2020 के बाद से ही आराम नहीं मिला है। आईपीएल के बाद टीम आस्ट्रेलियाई दौरे पर चली गयी जिसमें उसने चार टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में अंतिम स्थान दाव पर लगा है और भारतीय टीम इस समय द्विपक्षीय श्रृंखला के लिये इंग्लैंड की मेजबानी कर रही है जिसमें चार टेस्ट, पांच टी20 अंतराष्ट्रीय और तीन वनडे शामिल हैं। शास्त्री ने कहा, "मेरा मानना है कि आपको कुछ समय में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक की जरूरत होती है। इंग्लैंड श्रृंखला के बाद खिलाड़ी आईपीएल में खेलेंगे। फिर आईपीएल के बाद दो हफ्ते का आराम बेहद जरूरी है।" उन्होंने कहा, "क्योंकि ये पृथकवास, ये बायो-बबल, मानसिक रूप से थकाने वाले हैं।

# गलतियों से सबक लेते हैं अजिंक्य रहाणे, मुश्किल दौर में उन पर किया जा सकता है विश्वास : गावस्कर

**नई दिल्ली।** चेन्नई टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शनिवार के स्कोर में टीम इंडिया के बल्लेबाज सिर्फ 29 रन ही और जोड़ पाए। पूरी टीम 329 रनों पर ही आल आउट हो गई। टीम इंडिया की तरफ से रोहित शर्मा ने सबसे अधिक 231 गेंदों पर 161 रन बनाए। उप कप्तान अजिंक्य रहाणे ने उनका अच्छा साथ दिया। पहले टेस्ट मैच में असफल रहने वाले रहाणे 67 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। ऋषभ पंत भारत की तरफ से तीसरे बल्लेबाज थे, जिन्होंने 50 से अधिक रन बनाए। पंत 58 रन बनाकर नाटआउट रहे। रहाणे के प्रदर्शन को लेकर सुनील गावस्कर ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा वह एक ऐसे बल्लेबाज हैं, जो मुश्किल समय में टीम इंडिया के लिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं। सुनील गावस्कर ने कहा दूसरे मैच में रहाणे जिस तरह आउट हुए, अगर आप देखें तो उनका हाथ ऑफ स्टंप के अधिक बाहर था। इसलिए वह गेंद को समझ नहीं पाए। अगर आप दूसरे तरफ से देखें तो तो सर सीधा था, इसके



कारण भी समझने में समस्या हुई। उन्होंने कहा कि वह एक बल्लेबाज हैं, जो अपनी गलतियों से सीखते हैं। वह एक ऐसे बल्लेबाज हैं जिनके ऊपर मुश्किल दौर में विश्वास किया जा सकता है। वह मुश्किल पिचों पर रन बनाने में माहिर हैं। अजिंक्य रहाणे पहले टेस्ट मैच में जिस तरह से आउट हुए थे, उसको लेकर काफी आलोचना हुई थी। इंग्लैंड की पहली पारी में शुरुआत अच्छी नहीं रही। रोरी बर्न्स बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। टीम इंडिया चार मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है। ऐसे में टीम इंडिया की कोशिश होगी कि यह मैच जीतने की। वर्ल्ड चैंपियनशिप के दृष्टिकोण से भी यह मैच भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

## सभी शेष 18,000 बैंक शाखाएं सितंबर तक सीटीएस के अधीन होंगी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि भुगतान और निपटान प्रणाली को अधिक बेहतर, तेज और सटीक बनाने के लिए सभी शेष 18,000 शाखाएं, जो केंद्रीकृत समाशोधन प्रणाली 'चेक ट्रंकेशन सिस्टम' (सीटीएस) के तहत नहीं हैं, उन्हें सितंबर तक सीटीएस के दायरे में लाया जाएगा। सीटीएस के तहत भुगतान और जमाओं के लिए कागज रहित अभौतिक सत्यापन किया जाता है। सीटीएस का इस्तेमाल 2010 से किया जा रहा है और इसके दायरे में लगभग 1,50,000 बैंक शाखाएं हैं। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि चूंकि 18,000 बैंक शाखाएं अभी भी औपचारिक समाशोधन व्यवस्था के बाहर हैं, इसलिए परिचालन दक्षता को बढ़ाने और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए सितंबर तक उन्हें सीटीएस के दायरे में लाना प्रस्तावित है। केंद्रीय बैंक ने यह भी कहा कि वह धोखाधड़ी और चालबाजी के खिलाफ डिजिटल भुगतान सेवाओं के लिए एक लगातार चालू रहने वाली एक हेल्पलाइन स्थापित करेगा। आरबीआई ने साथ ही कहा कि वह जल्द ही परिचालकों और अधिकृत भुगतान प्रणालियों के प्रतिभागियों के लिए आउटसोर्सिंग दिशानिर्देश जारी करेगा। केंद्रीय बैंक ने यह भी कहा कि बेहतर उपभोक्ता सुरक्षा उपायों के तहत वह तीन लोकपाल योजनाओं- बैंकिंग लोकपाल योजना, एनबीएफसी के लिए लोकपाल योजना और डिजिटल लेनदेन के लिए लोकपाल योजना, को एकीकृत करेगा। आरबीआई ने कहा कि वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र को सरल और ग्राहकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के लिए तीनों लोकपाल योजनाओं को मिलाकर 'एक राष्ट्र एक लोकपाल' के नजरिए को अपनाने का निर्णय लिया गया है। एकीकृत लोकपाल योजना जून में शुरू की जाएगी।

## रिजर्व बैंक के प्रपोजल के बावजूद एनबीएफसी ही बनी रहना चाहती एचडीएफसी लिमिटेड

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देश के बड़े नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) को फुल फ्लेज्ड बैंक में बदलने के प्रस्ताव के बावजूद, देश की सबसे बड़ी मार्गेज फाइनेंसर कंपनी यानी गिरवी रखकर लोन देने वाली कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी ही बनी रह सकती है। एचडीएफसी लिमिटेड के सीईओ केकि मिस्त्री ने कहा कि एचडीएफसी लिमिटेड के पास खुद को फुल फ्लेज्ड बैंक में बदलने का विकल्प है, लेकिन हम आरबीआई के रेगुलेशन को देखने के बाद ही कोई फैसला लेंगे। केकि मिस्त्री ने ब्लूमबर्ग टीवी को दिए इंटरव्यू में कहा कि एचडीएफसी लिमिटेड एनबीएफसी के रूप में खुश है और हमारा विश्वास है कि हमें जैसा होना चाहिए, हम वैसे ही हैं। उनके इस बयान से साफ झलकता है कि एचडीएफसी लिमिटेड बैंक बनने के बदले एनबीएफसी बनकर ही रहना चाहती है। उसकी इच्छा खुद को बैंक के रूप मे स्थापित करने की नहीं है।

# तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह रही तेजी

**नई दिल्ली ।** आगामी त्यौहारी मांग और बाजार में कारोबारी गतिविधियों के बढ़ने से बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में खाद्यतेल की कीमतों में सुधार आया। इस दौरान लगभग सभी तेल-तिलहनों के भाव लाभ के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि मध्य प्रदेश में विभिन्न जिंसों के अलावा तिलहन फसलों के मंडी शुल्क में लगभग एक प्रतिशत की वृद्धि की गई है जिससे सरसों और सोयाबीन के दाम में लगभग 50 रुपए क्विन्टल की वृद्धि होने की संभावना है। सोयाबीन दाना और लूज के भाव पिछले सप्ताहांत के मुकाबले क्रमशः 175 रुपए और 170 रुपए के सुधार के साथ क्रमशः 4,900-4,950 रुपए और 4,805-4,845 रुपए प्रति क्विन्टल पर बंद हुए। सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और डीगम तेल के भाव क्रमशः 220 रुपए, 220 रुपए और 170 रुपए के



सुधार के साथ क्रमशः 12,320 रुपए, 11,870 रुपए और 10,970 रुपए प्रति क्विन्टल पर बंद हुए। ?पिछले सप्ताहांत सरसों दाना 150 रुपए सुधरकर 6,475-6,525 रुपए क्विन्टल और सरसों दादरी तेल 500 रुपए सुधरकर 13,400 रुपए क्विन्टल तथा सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल की कीमतें 75-75 रुपए के सुधार के साथ क्रमशः 2,015-2,165 रुपए और 2,145-2,260 रुपए प्रति टिन पर बंद हुईं। निर्यात गतिविधियों में आई तेजी के बीच मूंगफली दाना सप्ताहांत में 35 रुपए के सुधार के साथ 5,700-5,765 रुपए क्विन्टल और मूंगफली गुजरात तेल 100 रुपए के सुधार के साथ 14,350 रुपए क्विन्टल पर बंद हुआ। मूंगफली सॉल्वेंट रिफाइंड की कीमत भी समीक्षाधीन सप्ताहांत में 10 रुपए सुधरकर 2,280-2,340 रुपए प्रति टिन बंद हुई। समीक्षाधीन सप्ताहांत में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव 300 रुपए सुधरकर 10,200 रुपए पर बंद हुआ। रिफाइंड पामोलिन दिल्ली और कांडला (बिना जीएसटी) के भाव क्रमशः 450 रुपए और 300 रुपए सुधरकर क्रमशः 11,850 रुपए और 10,950 रुपए प्रति क्विंटल हो गए। समीक्षाधीन सप्ताहांत में बिनौला तेल भी 500 रुपए (बिना जीएसटी के) का सुधार दर्शाता 11,000 रुपए क्विंटल हो गया।

शहर के वार्ड 64 में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# मोतीझील से पाइप लाइन के जरिए पहुँचेगा हीरानगर पुरानी छावनी में घर-घर पानी :कुशवाह

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर के वार्ड 64 के अंतर्गत हीरानगर पुरानी छावनी में घर-घर मोतीझील से पाइपलाइन के जरिए पानी पहुँचेगा। आगामी अप्रैल माह से पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू हो जायेगा। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह रविवार को हीरानगर (पुरानी छावनी) में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करने पहुँचे थे। उन्होंने कहा पुरानी छावनी को जल्द ही तहसील बनाया जायेगा। शासन स्तर पर इसके लिये गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा भी मौजूद थे। हीरानगर में आयोजित हुए कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने लगभग 126 लाख रूपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें अटल द्वार से हीरानगर तक 31 लाख 27 हजार रूपए लागत की डाम्बरीकृत सड़क एवं हीरानगर की विभिन्न गलियों में 44 लाख 28 हजार रूपए



लागत से बनाई गई नाली सहित सीसी रोड़ शामिल हैं। श्री कुशवाह ने इसके अलावा लगभग 10 लाख रूपए की लागत से बनने जा रही हीरानगर की एक अन्य सीसी रोड़ का भूमिपूजन किया। साथ ही वार्ड 64 के टेहलरी में श्मशान घाट, पुरानी छावनी में 200 केव्हीए की डीपी और थर में मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण भी उन्होंने किया। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय निवासियों को भरोसा दिलाया कि पुरानी छावनी क्षेत्र के हीरानगर सहित अन्य बस्तियों में समयबद्ध कार्यक्रम के जरिए सड़क, पानी, सीवर एवं आवास की समस्या का निदान किया जायेगा। साथ ही कहा कि कोरोना संकट के बाबजूद प्रदेश सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरी है। सरकार ने विकास का पहिया थमने नहीं दिया है। क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि श्री विनोद सिंह जादौन ने कहा कि पिछले पाँच साल के दौरान वार्ड 64 में 9 करोड़ रूपए की लागत से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 360 आवास बनवाए गए हैं। इस वार्ड में संबल योजना के तहत डेढ़ करोड़ एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 45 लाख रूपए की विवाह सहायता जरूरतमंदों को दिलाई गई है। वार्ड में 2100 लोगों के भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, घरेलू कामकाज महिलाओं के 900 व हाथठेला योजना के 100 कार्ड बनवाए गए। साथ ही 175 असहाय लोगों को निराश्रित पेंशन सहित 95 दिव्यांग, 70 विधवा एवं 350 महिलाओं को कल्याणी योजना के तहत पेंशन मिल रही है। कार्यक्रम में सर्वश्री रमेश शर्मा, आर के गुप्ता, आकाश भदौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। इस अवसर पर हीरानगर में जन समस्या समाधान शिविर भी लगाया गया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने शिविर में पाँच महिलाओं के घरेलू कामकाजी महिला कल्याण योजना के कार्ड बनवाकर सौंपे। साथ ही पात्र महिलाओं को पात्रता पर्ची भी दिलाई। जिसके आधार पर अगले माह से उन्हें एक रूपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से राशन मिलने लगेगा। शिविर में एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप सिंह तोमर सहित नगर निगम, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने आमजनों से आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया।



# आशीर्वाद योजना के तहत राशन देने असहाय बुजुर्गों के घर पहुँची जिला प्रशासन की टीम

**असहाय बुजुर्गों ने भावुक होकर दिया आशीर्वाद**

**ग्वालियर।** माताश्री बाहर आइए हम आपका राशन लेकर आए हैं। यह आवाज सुनकर सरस्वती देवी ने झांककर देखा तो पाया अधिकारी-कर्मचारियों की टीम थैले लिए द्वार पर खड़ी है। सरस्वती देवी ने सोचा उचित मूल्य की दुकान से भला उन्हें राशन देने कोई क्यों आएगा ? पर उनका यह संदेश थोड़ी ही देर में तब भरोसे में बदल गया जब अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह ने उन्हें सम्मानपूर्वक राशन की किट सौंपी।इस किट में 35 किलोग्राम खाद्यान्न एवं एक किलो शक्कर व इतना ही नमक था। अधिकारियों ने सरस्वती देवी को बताया कि हम आशीर्वाद योजना के तहत आपके हिस्से का राशन लेकर आए हैं। अब से हर महीने आपको घर बैठे ही राशन मिलेगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की पहल पर ग्वालियर जिले में आशीर्वाद योजना शुरू हुई है। पिछले हफ्ते ग्वालियर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस योजना का शुभारंभ किया था। चलने-फिरने में असमर्थ 65 वर्ष से अधिक उम्र के असहाय बुजुर्ग एवं दिव्यांग जनों को सरकारी कर्मचारी इस योजना के तहत हर माह उचित मूल्य की दुकान से राशन लेकर उनके घर देने जाएँगे। बहोड़ापुर स्थित मानवसेवा कुष्ठ आश्रम में निवासरत असहाय लोगों को राशन देने के लिए रविवार को अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन का दल पहुँचा था। इस दल ने श्रीमती सरस्वती देवी सहित सर्वश्री हरपाल सिंह, श्यामलाल, अमर सिंह, गणेशराम व धुकेश्वर को राशन की किट सौंपी। राशन देने के लिए कर्मचारी पीओएस मशीन लेकर भी पहुँचे थे, जिसके जरिए सभी का सत्यापन कराया गया। मानवसेवा कुष्ठ आश्रम के रहवासी बहोड़ापुर की शासकीय उचित मूल्य की दुकान नेहा महिला उपभोक्ता भंडार से जुड़े हैं। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री राजीव सिंह ने बताया कि ग्वालियर नगर निगम क्षेत्र में 404 असहाय बुजुर्ग एवं दिव्यागों को चिन्हित किया गया है।

# शहरवासी आज से कर सकेंगे चिड़िया घर के दीदार

**ग्वालियर।** ग्यारह माह के लंबे अंतराल के बाद ग्वालियर के बच्चे लॉकडाउन के दौरान पैदा हुए तमन्ना, इंतजार और अर्जुन का दीदार कल सोमवार से कर सकेंगे । उक्त खुशखबरी आज आयुक्त नगर निगम श्री शिवम वर्मा द्वारा चिड़ियाघर के निरीक्षण के बाद चिड़ियाघर को खोलने की घोषणा के साथ की। ज्ञातव्य हो कि लॉकडाउन के दौरान ग्वालियर नगर निगम चिड़ियाघर में 28 साल बाद लॉयन प्रजाति के दिल्ली चिड़िया घर से आई परी लॉयन तथा बिलासपुर के जय के तीन शावकों को जन्म दिया गया। लॉयन का संपूर्ण परिवार चिड़ियाघर के खुलते ही शहर वासियों का स्वागत करेगा। निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा, अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव, उपायुक्त डॉ प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा चिड़ियाघर खुलने से पूर्व आज चिड़ियाघर का निरीक्षण किया तथा कोविड-19 की गाइडलाइन के पालन के साथ

## निगमायुक्त ने दिए चिड़ियाघर विस्तार के निर्देश




चिड़ियाघर खोलने के निर्देश दिए गए। चिड़ियाघर के क्यूरेटर गौरव परिहार द्वारा आयुक्त श्री वर्मा को जानकारी दी गई कि सभी परिजनों में 11 माह के दौरान वन्य प्राणियों का प्राकृतिक आवास विकसित किया गया है तथा एनवायरमेंटल एनरिचमेंट का कार्य किया गया है । परिणाम स्वरूप नई सज धज के साथ कल जब चिड़ियाघर खुलेगा तो नागरिकों को वन्य प्राणी अपने प्राकृतिक वातावरण के साथ दिखाई देंगे । उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्राणी उद्यान में वाइट टाइगर तथा येलो टाइगर मिलाकर कुल 6 टाइगर तथा पांच लॉयन है। दोबारा खुलने के बाद शहर वासी पहली बार शहर के दर्शक एलबिनो ब्लैकबक भी देख पाएंगे। उपायुक्त डॉ प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा निगम आयुक्त श्री वर्मा को बताया गया कि शीघ्र ही गांधी प्राणी उद्यान के टिकट ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेंगे। उसके लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एक सॉफ्टवेयर तैयार कर शीघ्र ही मोबाइल ऐप से अथवा कंप्यूटर द्वारा चिड़ियाघर की ऑनलाइन बुकिंग का कार्य प्रारंभ कराया जा रहा है। निगमायुक्त शिवम वर्मा द्वारा गांधी प्राणी उद्यान में रखरखाव तथा विस्तार की भी जानकारी ली गई । चिड़ियाघर के विस्तार करने के लिए एक पृथक से सब इंजीनियर की नियुक्ति भी की गई है। श्री बृज बिहारी चंसोलिया को चिड़ियाघर उपयंत्री का प्रभार दिया गया है।

## मंदिर की दशा सुधारने के लिए सड़क पर दिया धरना

**ग्वालियर।** बहोडापुर थाने के सागरताल स्थित प्रचीन राधा कृष्ण मंदिर की बदहाली व अव्यवस्थाओं से नाराज लोगों ने रविवार को सड़क पर धरना प्रदर्शन किया, इसमें सैंकड़ों लोग शामिल हुए। सागर ताल स्थित यह प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर बंद हैं, साथ ही बदहाल स्थिति में हैं। मंदिर को नियमित खोले जाने समेत अन्य मांगों को लेकर स्थानीय निवासियों ने दो दिवसीय सद्बुद्धि रामायण पाठ एवं धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। दूसरे दिन रविवार को भी लोगों ने सुबह 11 बजे से 3 बजे तक धरना प्रदर्शन किया, जिसके बाद रामायण कथा का प्रसाद वितरण किया गया। क्षेत्र के लोग मंदिर की अव्यवस्था को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है। मंदिर खुलवाने के लिए ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। जिसके बाद भी को कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर नहीं की गई।

# ट्राइब्स इंडिया के 'आदि महोत्सव'' में सहरिया सहित मध्यप्रदेश की अन्य जनजातीय कला और संस्कृति की झलक

**ग्वालियर।** ट्राइब्स इंडिया द्वारा दिल्ली हाट में आयोजित आदि महोत्सव में मध्यप्रदेश की समृद्ध जनजातीय कला और संस्कृति आकर्षण का केन्द्र बने हुये हैं। इसमें ग्वालियर-चंबल संभाग में निवास करने वाली सहरिया जनजाति सहित प्रदेश की अन्य जनजातीय कलाओं की झलक लोगों को खूब भा रही है। आदि महोत्सव में मध्यप्रदेश की जनजातियों द्वारा लगभग एक दर्जन पंडाल लगाये गये है, जिनमें अशोकनगर की सहरिया जनजाति के चन्देरी वस्त्र, धार की भिलाला जनजाति के बाघप्रिंट, खरगोन जिले के



भिलाला जनजाति के महेश्वरी वस्त्र, डिंडोरी जिले के अगरिया जनजाति का लोहे की कला-कृतियाँ, झाबुआ के भील जनजाति की झाबुआ गुड़ियाँ और मोती के आभूषण प्रर्दशनी में मुख्य आकर्षण हैं। महोत्सव में सिहोर के वनोपज उत्पाद तथा सतना के जैविक उत्पाद के पंडाल भी लगाये गये है। उमरिया जिले के बैगा और भोपाल से आये परधान गौड़ चित्रकारों द्वारा अपनी पारम्परिक चित्रकला का सजीव प्रदर्शन भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत् भारतीय आदिवासी सहकारी विपणन विकास संघ के तत्वाधान में आयोजित %आदि महोत्सव'' एक वार्षिक कार्यक्रम है जो 2017 में शुरू किया गया था। 15 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में 200 से अधिक स्टॉल के माध्यम से आदिवासी हस्तशिल्प, कला, चित्रकारी, वस्त्र और आभूषणों का प्रदर्शनी के साथ-साथ बिक्री की भी सुविधा है। महोत्सव में देश भर से लगभग एक हजार आदिवासी एवं कारीगर भाग ले रहे हैं।

## कैट के 26 फरवरी के व्यापार बंद में महिलाएं भी सहभागिता निभायेंगी

**ग्वालियर।** कैट की महिला विंग ने होटल सेन्ट्रल पार्क में मीटिंग आयोजित कर यह निणह्य लिया कि जीएसटी के कडे प्रावधानों के विरोध में 26 फरवरी को कैट के भारत व्यापार बंद में महिला विंग भी शामिल रहेगी। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कविता जैन, कैट मध्यप्रदेश की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अलका श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य रीना गाँधी, जिला संयोजिका रितिका गुप्ता, कैट मध्यप्रदेश संयुक्त सचिव श्रीमती साधना शांडिल्य, रानी बंसल, सोमा जैन, लेखिता सिंघल, ममता अग्रवाल, रोमा जैन, किरण सोनी आदि ने भारत व्यापार बंद को समर्थन देते हुए कहा है कि 23, 24 एवं 25 फरवरी को तीन दिन कैट महिला विंग विभिन्न बाजारों में जाकर बंद के लिए अनुरोध करेगी एवं समर्थन मांगेगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा जीएसटी के जो प्रावधान किये गये हैं उससे व्यापार भी चौपट हो रहा है और इंस्पेक्टर राज की वापसी हो रही है।

# कमला सिंह वेलफ़ेयर फाउंडेशन ने किया कोरोना योद्धा सम्मान




**ग्वालियर।** कमला सिंह वेलफ़ेयर फाउंडेशन ग्वालियर द्वारा आज कोरोना योद्धाओं का सम्मान ब्रह्ममाकुमारिज माधोगंज लश्कर ग्वालियर में सम्पन्न हुआ। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बी के राजयोगिनी आदर्श दीदी थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में संत गोपाल शरणम भागवताचार्य, डॉ बी के गुरुचरण भाई, बी के प्रह्लाद भाई उपस्थित थे। मुख्य उदबोधन में बी के आदर्श दीदी ने मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है परंतु यह ईश्वरीय सत्संग और सानिध्य से ही करने का सुयोग् प्राप्त होता है अत: हमें परमात्मा का ध्यान करना चाहिए विशिष्ठ अतिथि के रुप मे सन्त गोपाल शरणम ने कहा मनुष्य का जीवन परमार्थ से ही सफल होता है । हमें सबके हितार्थ कार्य करना चाहिए । कोरोना हमारे धैर्य की परीक्षा थी जिसे हमने धैर्यता पूर्वक दी।आगे भी एक जुट होकर ऐसे ही कार्य करते रहें अपने उद्बोधन की शुरुआत एक श्लोक से करते हुए सबके लिए मंगल कामनाएं दीं। *जीवन मे चुनोतियों का सामना कैसे करे * इस विषय पर बी के प्रह्लाद भाई ने अपनी बात रखी उन्होंने कहा खुश रहकर अपने चेहरे की मुस्कान कायम रखते हुए हम बड़ी से बड़ी विपदा का सामना कर सकते हैं इस अवसर पर डॉ गुरु चरण जी ने अपना अध्यक्षयीय उद्बोधन दिया ।


## छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.

( Min. size 5×9 )

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज

12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क

बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560



## प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे

E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com

Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478